# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, बुधवार 11 मार्च 2026






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.



# विक्रम संवत 2083 : गुरु ही राजा, यह 'रौद्र' संवत्सर, सालभर दिखाएगा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**19 मार्च से नवरात्रि संग प्रारंभ होगा नव संवत्सर, राहु और केतु भी संवत के अंतिम भाग में करेंगे राशि परिवर्तन**

खास खबर

हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च से होगी। इस बार ग्रहों का बहुत ही शुभ योग संयोग बनने वाला है। पंचांग की गणना के अनुसार, नव वर्ष की शुरुआत में गुरु का गोचर मिथुन राशि में रहेगा, जबकि साल के मध्य में गुरु का गोचर कर्क राशि से होगा और साल के अंत में सिंह राशि में संचार करेंगे। साथ ही राहु और केतु भी इस संवत के अंतिम भाग में राशि परिवर्तन करेंगे, जबकि शनि इस संवत में मीन राशि में संचार करेंगे। हिंदू नव वर्ष के राजा गुरु होंगे। नव संवत्सर के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च से होगी। समापन 27 मार्च को होगा। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसीलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा। इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।

## प्रतिपदा पर बनेगे विशेष योग

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी 19 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इसके साथ ही शुक्ल योग और ब्रह्म योग का भी संयोग रहेगा। शुक्ल योग प्रातःकाल से रात 1:17 बजे तक रहेगा, इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ होगा। सर्वार्थ सिद्धि योग 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन राहुकाल दोपहर 2:00 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। इस समय शुभ कार्य करने से बचना चाहिए।



## उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी

नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश) स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है, इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती हैं।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी 03 कोच की सुविधा

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 11 मार्च (बुधवार) 2026 को तथा गाड़ी 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में दिनांक 13 मार्च (शुक्रवार) 2026 को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### निगम के पास नियमितीकरण कराने शहर की डेढ़ दर्जन निजी कालोनियों के मिले आवेदन

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम में अधिग्रहण के लिए डेढ़ दर्जन निजी कालोनियों के नियमितीकरण के लिए आवेदन मिले हैं। नियम अनुसार 2019 के बाद विकसित कालोनियों का अधिग्रहण नगर निगम को करना है। चूंकि इस संबंध में नियम स्पष्ट नहीं है इसलिए विभाग की ओर से राज्य शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है। शासन से मार्गदर्शन मिलने के बाद निगम आयुक्त के निर्देश पर संबंधित कालोनियों का परीक्षण किया जाएगा, जिसमें वहां की मार्गसंरचना की स्थिति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच करने के बाद निर्धारित शुल्क लेकर नियम के हिसाब से निजी कालोनियों के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी। अवैध कालोनियों का नियमितीकरण होने से वहां रहने वाले रहवासियों को निगम की ओर से मिलने वाली आवश्यक सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी। साथ ही नगर निगम को संपत्ति कर के रूप में अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

### थोक भांग दुकानों के लाइसेंस के लिए आवेदन 25 मार्च तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में थोक भांग दुकानों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। इसके लिए 11 से 25 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे। एक से अधिक आवेदन आने पर लॉटरी पद्धति के माध्यम से इसका ठेका दिया जाएगा। आबकारी विभाग के आयुक्त ने इस संबंध में 10 मार्च को अधिसूचना जारी किया है। इसके तहत कोई भी इच्छुक आवेदक आबकारी कार्यालय नवा रायपुर कार्यालय में आवेदन कर सकता है। एक से अधिक आवेदन आने पर 27 मार्च को लाटरी पद्धति से पर्ची निकाली जाएगी। पहली पर्ची जिसकी निकलेगी, उसे थोक भांग दुकानों का ठेका दिया जाएगा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 1 अप्रैल तक

**रायपुर।** भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए आधिकारिक वेब पोर्टल के माध्यम से 13 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया में 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष तक आयु वर्ग के वे युवा आवेदन करने के पात्र हैं, जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास से लेकर स्नातक अथवा डिप्लोमा उत्तीर्ण तक है।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर की स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

# प्रदेश के नगर निगमों में हर महीने स्वच्छता का आकलन 14 से स्वच्छता दीदियों के लिए स्वास्थ्य जांच विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के सभी नगर निगमों में अब स्वच्छता का हर महीने आकलन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग के अंतर्गत नगरीय निकायों में स्वच्छता और महिला कल्याण को जमीनी स्तर पर मजबूत करने स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ्य जांच के लिए 14 मार्च से प्रदेश भर में 15 दिनों का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नारी शक्ति सम्मान समारोह के दौरान दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की। राजधानी के शासकीय मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में स्वच्छता, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों, महिला हितग्राहियों एवं स्वसहायता समूहों की महिलाओं को सम्मानित किया।

श्री साव ने मंगलवार को आयोजित समारोह में नगरीय निकायों में हर महीने स्वच्छता के आंकलन के लिए छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग का शुभारंभ किया। इस मौके महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में कभी निराश होने की जरूरत नहीं है। महिलाएं संघर्ष और करूणा की प्रतिमूर्ति हैं। आप में जो क्षमता और ताकत है, वो किसी और में नहीं है। देश में ऐसी अनेक घटनाएं और प्रसंग हैं जहां नारी शक्ति ने अपनी ममता, तपस्या, त्याग और बलिदान की अनूठी मिसाल पेश की हैं। श्री साव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं शुरू हुई हैं। स्वच्छ भारत मिशन के




तहत घर-घर में शौचालय बनाए गए हैं, उज्जवला योजना से रसोई गैस दिए गए हैं, जल जीवन मिशन ने महिलाओं की दिनचर्या पूरी तरह बदल दी है। 'एक पेड़ मां के नाम' और 'वीमेन फॉर ट्री' जैसी योजनाओं ने महिलाओं की प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ाया है।

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बताया कि राज्य में स्वीकृत दो लाख 44 हजार प्रधानमंत्री आवासों में से एक लाख 77 हजार आवास महिलाओं के नाम से स्वीकृत हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से यह संभव हुआ है कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के पास खुद के नाम पर पक्का घर है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत राज्य के 70 हजार महिला स्ट्रीट वेंडर्स को 88 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण बैंकों के माध्यम से दिलाया गया है।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हमारे राज्य और हमारे शहरों को जो प्रतिष्ठा मिलती है, वह आप लोगों के कार्यों की वजह से मिलती है। उन्होंने समारोह के आयोजन के लिए उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र के बीच इसका आयोजन किया गया है। व्यस्तताओं के बावजूद लोगों का हौसला बढ़ाने और सम्मानित करने उप मुख्यमंत्री यहां मौजूद हैं।

इस मौके नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. न स्वागत भाषण में कहा कि विभाग के कार्यों में महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। स्वच्छता दीदियों और स्वसहायता समूहों के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में वे बड़ी भूमिका निभा रही हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक आर. एक्का, निगम आयुक्त विश्वदीप, राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ शशांक पाण्डेय, रायपुर नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग की अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, राजस्व विभाग के अध्यक्ष अवतार भारती बागल और पार्षद स्वप्निल मिश्रा सहित नगरीय प्रशासन एवं सूडा के अधिकारी समारोह में मौजूद रहे।

### इनका किया गया सम्मान, चेक सौंपे

समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों के स्वच्छता दीदियों के प्रतिनिधि के रूप में बिलासपुर की रामेश्वरी सागर, कुम्हारी की मंजू देवांगन, बिल्हा की संपति यादव, अंबिकापुर की संगीता गुप्ता, विश्रामपुर की भारती गुप्ता और पाटन की लता मंडलेश को सम्मानित किया गया। विपरीत परिस्थितियों के बीच नगर निगम के सहयोग से प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करने वाली रायपुर की मांडवी कौशिक, बीरगांव की बिमला साहू, कुम्हारी की त्रिवेणी साहू, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित बगीचा की महिला हितग्राही सुमन तिर्की तथा वीमेन फॉर ट्री में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बिलासपुर की पल्लवी विजय क्षत्री, लोरमी की दुर्गा राजपूत और बगीचा की प्रभा यादव का भी सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निर्धारित समयावधि में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण पूर्ण कर मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान का हकदार बनीं रायपुर की रजनी ध्रुव, कुम्हारी की गीता पाल और बीरगांव की पलक देवांगन को ,प्रत्येक को 32 हजार 850 रुपए का चेक प्रदान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत रायपुर नगर निगम की तीन स्ट्रीट वेंडर्स लक्ष्मी साहू, रत्ना दीप और बी. लावण्या को 50-50 हजार रुपए के चेक प्रदान किए।

# प्रश्नपत्र में 'डांसिंग क्यूआर' के बाद बोर्ड ने कहा- गणित के पर्चे असली

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

**9 मार्च को हुई गणित विषय की परीक्षा में दिए गए बारकोड को लेकर विवाद**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 12वीं की गणित परीक्षा के प्रश्न पत्र पूरी तरह प्रामाणिक हैं। हाल ही में कुछ प्रश्न पत्रों पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने पर यूट्यूब के वीडियो खुलने की खबर सामने आई। इससे छात्रों और अभिभावकों में चिंता बढ़ गई। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षा की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं हुआ है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बोर्ड ने बताया, कक्षा 12वीं के प्रश्न पत्रों में कई सुरक्षा उपाय लगाए गए हैं। इनमें क्यूआर कोड भी शामिल हैं, जो प्रश्न पत्र की प्रामाणिकता को जांचने में मदद करते हैं। यदि सुरक्षा उल्लंघन की कोई संभावना होती है, तो क्यूआर कोड के माध्यम से तुरंत सत्यापन किया जा सकता है।

9 मार्च 2026 को आयोजित कक्षा 12वीं की गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई। प्रश्नपत्र में क्यूआर कोड भी दिया गया था। कुछ सेटों के क्यूआर कोड स्कैन करने पर यूट्यूब वीडियो खुलने लगा। इस वीडियो में एक व्यक्ति डांस करते हुए नजर आया। इससे छात्रों और उनके अभिभावकों में प्रश्न पत्र की सत्यता को लेकर सवाल उठने लगे। परीक्षा समाप्त होने के कुछ मिनटों बाद ही यह क्यूआर कोड और वीडियो सोशल साइट्स पर ट्रेंड करने लगा। हालांकि बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रश्न पत्र संपूर्ण रूप से प्रामाणिक हैं और सुरक्षा में कोई कमी नहीं हुई है। सभी सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं पारंपरिक पेन-एंड-पेपर तरीके से आयोजित की जा रही हैं। हाल ही में, बोर्ड ने ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण फिर से मिडिल ईस्ट के कुछ हिस्सों जैसे बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को 16 मार्च 2026 तक स्थगित करने का फैसला लिया है।

### होगी जांच

बोर्ड ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और कहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। छात्रों और अभिभावकों को आश्वासन दिया गया है कि परीक्षा प्रक्रिया सुरक्षित और भरोसेमंद है और सभी प्रश्न पत्र सही तरीके से वितरित किए गए हैं। यह मामला तब सुर्खियों में आया जब छात्रों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रश्न पत्र की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें क्यू कोड दिखाई दे रहे थे। परीक्षा के दौरान कुछ छात्रों ने अपने प्रश्न पत्रों पर एक क्यूआर कोड देखा। जब इस कोड को स्कैन किया गया, तो यह रिक एस्टली के प्रसिद्ध गाने 'नेवर गोना गिव यू अप' से जुड़ गया। इस घटना के कारण सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा हुई और छात्रों और अभिभावकों में सवाल उठने लगे कि प्रश्न पत्र सही हैं या नहीं।

# बंधक बनाकर गर्भवती महिला से दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राजधानी रायपुर में एक गर्भवती महिला को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने तथा उसके बाद पीड़िता को परेशान करने का मामला सामने आया है। इस घटना की रिपोर्ट पर सिविल लाइन थाना में दर्ज कराई गई है। बताया गया कि घटना करीब एक साल पहले की है। वहीं पीड़िता का पति किसी सरकारी विभाग में अफसर है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले में तत्काल जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म के साथ एट्रोसिटी का प्रकरण भी दर्ज किया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि स्वर्णभूमि निवासी एक महिला ने कुछ दिनों पूर्व थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गोपाल गोयल नामक व्यक्ति पहले स्वर्णभूमि में ही रहा करता था। वह पुरानी गाड़ियों का व्यापार करता है। सालभर पहले जब वह गर्भवती थी, उसी दौरान गोपाल ने उसे अकेला पाकर बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस घटना के बाद पीड़िता ने अपने पति और परिवार की इज्जत की खातिर इसकी जानकारी किसी को नहीं दी थी, जिसका फायदा गोपाल उठाने लगा था और आए दिन उसे इस घटना को लेकर परेशान करने लगा। सालभर से वह पीड़िता को परेशान कर रहा था, जिससे तंग आकर पीड़िता ने आखिरकार चुप्पी तोड़ते हुए थाने में आरोपी के विरुद्ध शिकायत की। पुलिस ने इस शिकायत के आधार पर मामले की जांच करते हुए गोपाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

# मंडलों में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ, बड़े नेता भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

**मंडलों के बाद जिलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण**

प्रदेश भाजपा संगठन के 28 नेता मुंबई से प्रशिक्षण लेकर वापस आ गए हैं। इसके बाद पहले चरण में प्रदेश के पांचों संभाग में भाजपा की प्रशिक्षण कार्यशाला की गई। संभागों के बाद अब भाजपा के 479 मंडलों में कार्यशाला होगी। इसका प्रारंभ मंगलवार से कर दिया गया है। जहां इस कार्यशालाओं में जिलों के ट्रेनर जा रहे हैं, वहीं प्रदेश के बड़े मास्टर ट्रेनर भी जाएंगे। मंडलों की कार्यशाला के बाद जिलों की कार्यशाला होगी।

भाजपा की रीति-नीति से लेकर कार्य पद्धति सहित अलग-अलग 14 विषयों के लिए हर राज्य में मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के 28 मास्टर ट्रेनरों को मुंबई की कार्यशाला में तैयार किया गया हैं। इन ट्रेनरों में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष




किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी के साथ प्रदेश के सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता शामिल हैं। इनको अलग-अलग विषयों का ट्रेनर बनाया गया है। मुंबई की कार्यशाला के बाद सबसे पहले संभाग स्तर पर कार्यशाला की गई। प्रदेश के पांचों संभाग में सात विषयों के मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं। ये ट्रेनर अब मंडलों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। जिलों में 11 विषयों का और प्रदेश स्तर पर सभी 14 विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंडलों के प्रशिक्षण में प्रदेश के बड़े नेता भी जाएंगे। ये वो नेता रहेंगे जो मुंबई के मास्टर ट्रेनर बनकर आए हैं। इनके विषयों पर जिन भी मंडलों में कार्यशाला होगी, तो ये वहां जाएंगे।

## सभी जोनल रेलवे को बोर्ड का निर्देश, हर दिन की गई छापेमारी और कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड को सौंपेंगे

# ट्रेनों में चोरी-छिपे गुटखा, सिगरेट बेचने वाले वेंडर्स और आनबोर्ड स्टाफ पर रेलवे की नजर, पकड़े गए तो तत्काल कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

चलती ट्रेन के दौरान अब यात्रियों को अवैध रूप से गुटखा, सिगरेट या फिर शराब बेचते हुए पाया गया, तो सीधे जेल की हवा खानी पड़ सकती है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बोर्ड ने भी यह पाया है कि कई ट्रेनों में आनबोर्ड स्टाफ और वेंडर्स की मिलीभगत से अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है। इसे रोकने के लिए रेलवे ने अब जीरो टालरेंस की नीति अपनाई है। रेलवे बोर्ड ने देश के सभी जोनल रेलवे को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि हर ट्रेन में सघन छापेमारी और जांच अभियान चलाया जाए। रेलवे बोर्ड के निदेशक इनवायरमेंट एंड हाउसकीपिंग मैनेजमेंट द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, यह अभियान एक विशेष 'ज्वाइंट फोर्टनाइट ड्राइव' चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रेलवे ने तीन प्रमुख विभागों का एक संयुक्त मोर्चा तैयार किया है। इस टीम में मैकेनिकल, कमर्शियल विभागों के साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी और



कर्मचारी शामिल होंगे। ये टीमें ट्रेनों के कोचों, पेंट्री कारों और वेंडिंग यूनिट्स की अचानक और गहन जांच करेंगी। छापेमारी के दौरान यदि किसी भी कोच में सिगरेट, गुटखा, तंबाकू या शराब की अवैध आपूर्ति पाई जाती है, तो तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रेलवे के आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि केवल बाहरी वेंडर ही नहीं, बल्कि ट्रेन के भीतर तैनात आधिकारिक स्टाफ भी जांच के दायरे में होगा। इनमें ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग, लिनेन स्टाफ (चादर और कंबल देने वाले), पैंट्री कार कर्मचारी और अधिकृत वेंडर्स होंगे। अक्सर देखा गया है कि सफर के दौरान ये कर्मचारी चोरी-छिपे यात्रियों को प्रतिबंधित सामग्री उपलब्ध कराते हैं। अब पकड़े जाने पर इन कर्मचारियों को न केवल नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा, बल्कि संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट भी कर दिया जाएगा। इस अभियान की एक खास बात यह है कि रेलवे अब यात्रियों को भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बना रहा है। चेकिंग के दौरान अधिकारी यात्रियों से सीधे बात करेंगे और आनबोर्ड स्टाफ के व्यवहार व गतिविधियों पर उनका फीडबैक लेंगे। यदि कोई यात्री शिकायत करता है कि उसे स्टाफ द्वारा सिगरेट या गुटखा आफर किया गया है, तो उस पर तुरंत एक्शन होगा। रेलवे बोर्ड ने साफ कर दिया है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल औपचारिकता पूरी करना नहीं है। पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के साथ ही आपराधिक मामले भी दर्ज किए जाएंगे। सभी जोनल रेलवे को निर्देश दिया गया है कि वे हर दिन की गई छापेमारी और कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड को सौंपें।

# रायपुर स्मार्ट सिटी के कार्यों की होगी जांच, मंत्री ने की घोषणा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को ध्यानाकर्षण के दौरान मंत्री अरुण साव ने रायपुर स्मार्ट सिटी के काम की जांच कराए जाने की घोषणा की। सदन में सत्ता पक्ष के ही विधायकों ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से स्मार्ट सिटी के कार्य में भ्रष्टाचार को लेकर घेरा, जिसके बाद मंत्री ने जांच की घोषणा की।

सत्ता पक्ष के विधायक सुनील सोनी ने कहा, रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 30 करोड़ का काम हुआ है। बूढ़ा तालाब में अकेले म्यूजिकल फाउंटेन में 5.24 करोड़ का खर्च हुआ है। शिकायत पर ही केंद्र सरकार ने जांच कराई थी। जांच में 18 लाख खर्च हुए थे, जांच रिपोर्ट पटल पर रखी जाए। इसके अलावा बूढ़ा तालाब में अन्य कार्य भी कराए गए हैं, जिनकों लेकर कई शिकायतों के बाद भी कार्रवाई न किए जाने पर भाजपा सदस्यों ने नाराजगी जताई। सुनील सोनी के अलावा भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धर्मलाल कौशिक ने भी स्मार्ट सिटी के कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस पर मंत्री अरुण साव ने कहा कि किसी भी शिकायत और गड़बड़ी का परीक्षण कराएंगे. दोषी पर कारवाई भी होगी।

सदन की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने में ध्यानाकर्षण में सिरपुर महोत्सव में आय-व्यय एवं संचालन व्यवस्था में अनियमितता का मुद्दा उठाया। जवाब देते हुए संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा, महोत्सव के आयोजन के लिए 15 लाख रुपए का आबंटन किया गया। चिन्हारी पोर्टल में सभी जानकारी उपलब्ध है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) ₹121097/-
22 कैरेट रेट (91.60%) ₹147900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) ₹161447/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

सूचना के बाद मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस, दो किसानों के नाम पर दर्ज है जमीन





# छत्तीसगढ़ में सूखा नशे की हरियाली!

जहां धान की फसल लहलहाती रही, वहां अब **अफीम की खेती**

## अब कुसमी में अफीम के खेत, तीन एकड़ से ज्यादा जमीन पर लहलहाती मिली फसल

दुर्ग के बाद बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है। कुसमी थाना क्षेत्र के त्रिपुरी गांव में लम्बे समय से अफीम की खेती की जा रही थी और फसल पूरी तरह से तैयार होने के बाद डोडा को चीरा लगाकर सुखाया गया था। इस बात की जानकारी सामने आने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर/कुसमी

मामले की सूचना मिलने के बाद राजस्व व पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है और लगभग तीन से चार एकड़ में लगे डोडा फसल के जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम त्रिपुरी के सरनाटोली क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा बस्ती से दूर जंगली किनारे अफीम की खेती किए जाने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सरपंच ने दी थी सूचना कार्रवाई करेंगे: कलेक्टर

इधर इस पूरे मामले में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर से सवालों के घेरे में आ गई है। गांव के सरपंच फेकुंदर नाग का कहना है कि जनवरी माह में उसे अफीम के खेती की जानकारी मिली थी जिसके बाद उसने इसकी सूचना कुसमी थाना में पदस्थ मुंशी के वाट्सएप ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चल रही है कार्रवाई

*सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। अफीम के खेती की पुष्टि हुई है। जब्ती की कार्रवाई चल रही है। कार्रवाई पूर्ण होने के बाद आगे की जानकारी सामने आएगी*
*वैभव बैंकर रमनलाल, पुलिस अधीक्षक*

### की जाएगी कार्रवाई

सूचना मिलने के बाद हमने निरीक्षण किया है। मामले की जांच चल रही है और एनसीबी को भी इस जांच में शामिल किया जाएगा। रात होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई है। पुलिस टीम को क्षेत्र में तैनात किया गया है। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। - **राजेन्द्र कटारा,** कलेक्टर

## बस स्टैंड में सरकारी जमीन पर कर रहा था कारोबार

## अफीम की खेती करने वाले के भाई की फैक्ट्री पर चला बुलडोजर



***भिलाई।*** *समोदा के ग्राम झेंझरी में 5 एकड़ 62 डिसमिल जमीन पर अफीम की खेती के मामले में प्रशासन ने आरोपी विनायक ताम्रकार के भाई बृजेश ताम्रकार के अतिक्रमण पर बुलडोजर चला दिया। अतिक्रमण पर करीब 4 घंटे तक कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया गया। बृजेश ताम्रकार ने राजनीतिक रसूख का धौंस दिखाकर समोदा बस स्टैंड में पिछले करीब 34 सालों तक कब्जा कर रखा था। राजस्व विभाग ने मंगलवार को दोपहर 12 बजे से बस स्टैंड समोदा पहुंची। बृजेश ताम्रकर अफीम मामले के आरोपी बीजेपी* ▶▶|शेष पेज 6 पर

*गृह विभाग की ताजा रिपोर्ट में दी है सरकार को यह जानकारी*

# नारकोटिक्स सेल फेल, सरकार को लिखकर दिया था छत्तीसगढ़ में नहीं होती गांजे, अफीम की खेती


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि तत्काल

*छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के बाद अब बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का खुलासा हो गया है, लेकिन इससे पहले गृह विभाग की एक रिपोर्ट में सरकार को बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में गांजे-अफीम की खेती नहीं होती। खास बात ये है कि राज्य में पहले भी गांजे की फसल उगाने के मामले सामने आए हैं, अब अफीम की लहलहाती फसल बता रही है कि कम से इस मामले में नारकोटिक्स सेल फेल हो गई है। राज्य सरकार के गृह विभाग की वार्षिक* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### दुर्ग के बाद बलरामपुर में अफीम की खेती

*गृह विभाग की रिपोर्ट में बताए गए तथ्यों के उलट हाल ही में दुर्ग जिले में अफीम की खेती करने का मामला खुलने के बाद अब बलरामपुर जिले में यह खेती पकड़ में आई है। इन दोनों मामलों से साफ हुआ है कि छत्तीसगढ़ में अफीम की खेती हो रही है। हालांकि दुर्ग का मामला सामने आने पर सरकारी सूत्रों ने कहा था कि पुलिस, आबकारी* ▶▶|शेष पेज 6 पर



::नारकोटिक्स सेल::

छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा ओड़िसा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, तेलंगाना एवं मध्यप्रदेश से जुड़ी हुई है। राज्य में गांजे व अफीम की खेती परिलक्षित नहीं है, किंतु छत्तीसगढ़ राज्य के रास्ते अन्य राज्यों में गांजा/अफीम की तस्करी की जा रही है।



दुर्ग के बाद बलरामपुर में फूटा अफीम की खेती का कारोबार

### इसे क्यों उगाते हैं


*इस अवैध फसल को उगाने के पीछे कारण आमतौर पर ये होते हैं, छोटी जमीन में बहुत ज्यादा कमाई, नकद भुगतान, दूरदराज इलाकों में कम पुलिस निगरानी, एजेंट खुद बीज और सुरक्षा देते हैं, यह सब कुछ छत्तीसगढ़ के दुर्ग और बलरामपुर में भी हो रहा था। संभव है कि राज्य के अन्य कुछ जिलों में भी यही गोरखधंधा चल रहा हो, लेकिन वह फिलहाल पकड़ में नहीं आया है।*

### लाइसेंस लेकर भी होती है वैध खेती

*भारत में अफीम की खेती पूरी तरह अवैध नहीं है। लेकिन केवल लाइसेंस लेकर और सरकार को बेचने की शर्त पर ही इसकी खेती मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में होती है। अफीम की खेती की शुरुआत बीजों से की जाती है। इसके लिए सीधे खेत में बीज बोए जाते हैं, अफीम के बीजों को ही हम 'खसखस' कहते हैं, जिनका* ▶▶|शेष पेज 6 पर

## सदन में गूंजा,भूपेश बोले- सूखे नशे के कारोबार को सीएम और गृहमंत्री का संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पूर्व मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा
- नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा- राजेश अग्रवाल

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में अफीम की खेती के बाद अब बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का मामला सामने आने पर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि अफीम सहित सूखे नशे का कारोबार सुनियोजित तरीके से मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के संरक्षण में चल रहा है। विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान अफीम की खेती के जरिए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, विधानसभा सत्र के दौरान दो जिलों में अफ़ीम की खेती का मामला उजागर हुआ है, गृहमंत्री में ▶▶|शेष पेज 6 पर

छत्तीसगढ़ में कमी की अफवाह, लोग जमाखोरी में जुटे

# गैस संकट, सरकार ने लगाया एस्मा, रायपुर में लगी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

अमेरिका-ईरान युद्ध में बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (एस्मा), 1968 को पूरे देश में लागू कर दिया है। इसका मकसद देश में बिना किसी बाधा के घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। सरकार ने साथ ही रिफाइनरी कंपनियों और पेट्रोकेमिकल कंपनियों को यह निर्देश भी दिया है कि वो एलपीजी गैस के ▶▶|शेष पेज 6 पर



### एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने का आदेश

सरकार ने सभी तेल कंपनियों को एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा है ताकि आम लोगों के लिए इसकी कमी न हो। अन्य उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कटौती करते इसे एलपीजी उत्पादन में इस्तेमाल किया जायेगा। इसके साथ ही तेल कंपनियों से पिछले छह महीने के उपभोग के 65 प्रतिशत तक ही गैस का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया है।

### घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग पर 25 दिन का नियम

यही नहीं गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिए सरकार ने 25 दिन की तय सीमा भी लागू कर दी है। इसके तहत यदि आपने एक सिलेंडर ले लिया है तो अगले की बुकिंग 25 दिन के बाद ही कर पाएंगे। कुछ अरसे से ऐसी सीमा खत्म हो गई थी, लेकिन इसे लागू कर दिया गया है।

## तेल आपूर्ति बाधित हुई तो करेंगे कठोर हमले : ट्रंप

एजेंसी ▶▶| दुबई




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध अल्पकालिक हो सकता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस्लामी गणराज्य वैश्विक तेल आपूर्ति को बाधित करता है तो लड़ाई और तेज हो सकती है। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### ईरान ने किए हमले

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## राज्यसभा चुनाव से पहले 37 में से 26 नेता निर्विरोध निर्वाचित

**नई दिल्ली।** दस राज्यों की 37 सीटों के लिए हो रहे राज्यसभा चुनावों में 26 नेता बिना किसी प्रतिस्पर्धा के चुने गए हैं। इनमें एनसीपी प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जैसे महत्वपूर्ण नाम शामिल हैं। यह चुनाव उन सात राज्यों में हुए हैं, जहाँ विपक्षी दलों ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे, जिससे ये नेता निर्विरोध निर्वाचित हो गए। हालांकि, बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 सीटों पर मुकाबला होना तय है। इन राज्यों में अतिरिक्त उम्मीदवारों के कारण चुनाव कराए जाएंगे। बिहार में 5, ओडिशा में 4 और हरियाणा में 2 सीटों पर मतदान 16 मार्च को होगा। यह हालात उन नेताओं के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकते हैं जो मुकाबले के लिए उतर रहे हैं।







गैस की किल्लत के बीच बड़ी वारदात

## 524 सिलेंडरों से भरा ट्रक ले भागे चोर, पुलिस भी हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झांसी



मिडिल ईस्ट में ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को लेकर पूरी दुनिया में चिंता बढ़ गई है। जंग की वजह से तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के झांसी से रसोई गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिससे हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक ट्रक में करीब 524 भरे हुए एलपीजी गैस सिलेंडर लदे थे, जिनकी कीमत लगभग 18 लाख रुपए बताई जा रही है। यह मामला झांसी के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र का है. ट्रक मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक मालिक ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

ट्रक मालिक नीरज अग्रवाल के अनुसार उनका ट्रक नंबर यूपी 93 बीटी 3341 झांसी के करारी स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के प्लांट से जुड़ा हुआ है। 2 मार्च को प्लांट से 524 गैस सिलेंडर ट्रक में लोड किए गए थे, जिन्हें कानपुर देहात के गजनेर भेजा जाना था। होली के त्योहार के कारण ट्रक चालक राजकुमार ट्रक को प्लांट के बाहर खड़ा कर घर चला गया था।

### सिलेंडर ढूंढने में जुटी पुलिस

थाना प्रभारी जयप्रकाश चौबे ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने ट्रक को बरामद कर लिया है और चोरी हुए गैस सिलेंडरों की तलाश के लिए टीमों को लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दें कि विदेशों से कम एलपीजी गैस की आपूर्ति की वजह से केंद्र सरकार ने एलपीजी के कमर्शियल इस्तेमाल को नियंत्रित कर दिया है।

चिंतन

# जमाखोरी पर कड़ी नजर से ही जरूरतमंद को मिलेगी गैस

देश में इन दिनों कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। कई राज्यों में सप्लाई पर रोक लगाने से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट्स और हॉस्टलों के सामने गैस का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे हालात में सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी न बढ़ जाए। अगर समय रहते सरकार ने इस पर सख्त निगरानी नहीं रखी तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गैस वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच सके। गैस की किल्लत का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव माना जा रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़े टकराव के कारण हॉर्मुज जलमार्ग से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार का एक महत्वपूर्ण रास्ता है और इसके बाधित होने से कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। इसी वजह से देश में एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई और गैस वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। रसोई गैस (एलपीजी) और पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) को 100 प्रतिशत उपलब्धता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और उर्वरक संयंत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि इनका संबंध सीधे आम लोगों की जरूरतों और कृषि उत्पादन से है। गैस वितरण और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दी गई है। इसका असर कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे उद्योग गैस की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इन्हें भी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में रखा जाना चाहिए। दरअसल, होटल और ढाबे सिर्फ व्यापार नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए हैं। इनसे जुड़े रसोइयों, वेटरों, डिलीवरी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर करती है। यदि गैस की कमी के कारण यह कारोबार ठप पड़ता है तो इसका असर सीधे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे संकट के समय में सबसे बड़ा खतरा जमाखोरी और कालाबाजारी का होता है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी जरूरी वस्तु की कमी होती है तो कुछ लोग इसका अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन गैस की किल्लत के समय भी यही हुआ था। कई जगहों पर जमाखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडरों को छिपाकर रखा और जरूरतमंदों से मनमाने दाम वसूले। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू किया है। इस कानून के तहत सरकार किसी भी जरूरी वस्तु की सप्लाई और कीमतों को नियंत्रित कर सकती है तथा जमाखोरी पर रोक लगा सकती है। गैस की मौजूदा स्थिति में यह कदम बेहद जरूरी है, लेकिन केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होगा। इसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित करना होगा। सरकार को चाहिए कि गैस एजेंसियों, गोदामों और वितरण केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए। यदि सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त नजर रखे, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और सभी क्षेत्रों की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित करे, तो इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। तभी यह सुनिश्चित होगा कि गैस वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।




जल संयंत्र
प्रमोद भार्गव

# खाड़ी देशों में पानी पर हमले से संकट

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। अतएव इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में भयावह जल संकट पैदा कर सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा।

अब पूरे मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। अमेरिका और इजराइल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेहरान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुएं से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं। दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा। हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात



ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है। इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम हैं। इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है। ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं है। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम है, लेकिन कई साल से सूखे के चलते तेहरान के तालाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजराइल में तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाता है। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे है और 0.001 फीसद वाष्प और बादलों के रूप में है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है, उसमें 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो नमकीन होने के कारण पीने लायक नहीं है। कुल उपलब्ध पानी में से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। इसमें से 2.4 फीसदी हिमखंडों के रूप में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। भूगर्भीय जल भण्डारों का बेइंतहा दोहन करने और शुद्ध पानी के प्राकृतिक भण्डारों के ऊपर बहुमंजिला इमारतें खड़ी किए जाने से दुनिया के जल भंडार सूख रहे हैं। भारत में मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, गोवा, बापी, दमन, तिरूवनतपुरम, पुरी, एर्नाकूलम, कोझीकोड़, रत्नागिरी और विजयनगर जैसे नगरों का भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। इनमें सबसे बुरा हाल मुंबई का है।

मुंबई में जिस तेजी से जल दोहन किया जा रहा है, उससे लगता है कि 2030 तक मुंबई के मीठे पानी के जल भण्डार रीत जाएंगे। यहां वर्षा का जो पानी जमीन सोखती है, वह एक निश्चित सीमा तक पहुंच पा रहा है। इसी के नीचे समुद्री क्षार वाला पानी बह रहा है, जो खारा है। ये सभी नगर समुद्र किनारे बसे हैं, लेकिन खाड़ी देशों की तरह खारे पानी को मीठा बनाने के संयंत्र स्थापित करने में कोई नगर आगे नहीं आया है। जमीन की भीतरी बनावट ऐसी होती है कि बारिश का पानी एक निर्धारित सीमा तक ही जमीन में तैरता रहता है, जो कि प्रसंस्कृत होकर नीचे पीने के योग्य अपने आप बनता रहता है। ज्यादा खुदाई के बाद समुद्र किनारे बसे ज्यादातर महानगरों में खारा पानी आ जाता है, क्योंकि वह समुद्री जल स्तर से प्रभावित होने लगता है। यह खतरा भूमण्डल का तापमान लगातार बढ़ते जाने से और बढ़ गया है। नए अध्ययनों से पता चलता है कि पश्चिमी अंटार्कटिक में बिछी बर्फ की पट्टी बहुत तेजी से पिघल रही है। यह पानी समुद्री जल को बढ़ा रहा है। इस कारण एक ओर तो बांग्लादेश और मार्शल द्वीपों पर डूब जाने का आसन्न खतरा मंडरा रहा है, वहीं समुद्री रिहाइशी इलाकों का पीने योग्य पानी खारे पानी में विलय हो जाने का खतरा है। ऐसे में ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध ने समुद्र तटीय खाड़ी देशों में पेयजल संकट को गहरा दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। चिंता की बात यह है कि खाड़ी देशों की बड़ी आबादी शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है।

पड़ोस
अखिलेश आर्येन्दु



# नया बदलाव नेपाल-भारत रिश्तों के लिए अहम

कुछ ही दिनों में नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा। संभावना है कि बालेन शाह के नेतृत्व में नेपाल में नई युवा संसद वाला मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण करेगा। नेपाल के इतिहास में पहली बार 99 प्रतिशत सांसद युवा होंगे, जिनमें बालेन शाह की उम्र 35 वर्ष हैं। कहा जा रहा है कि नेपाल में हुए जेन जी आंदोलन की वजह से इस बार की संसद को युवा बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड को छोड़कर इस बार कोई भी उम्रदराज नेता नेपाल की संसद में नहीं होगा। इतिहास किस तरह बदलता है और उस देश के लिए किस तरह की तस्वीर पेश कर रहा है, नेपाली संसदीय चुनाव के बाद उभरी तस्वीर को देखकर समझा जा सकता है। नेपाल में इस बार संसदीय इतिहास ही नहीं बदला है बल्कि राजनीति और नेपाल के राजनीतिज्ञों के चेहरे भी बदल गए हैं। यानी नए नेपाल की नई तस्वीर।

नेपाल के लोकतंत्रीय राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ है कि कोई एक दल अपने बूते पर सरकार बना रहा है। गौरतलब है कि 2008 में नेपाल में 239 साल पुरानी नेपाल की राजशाही व्यवस्था के स्थान पर लोकतंत्र कायम हुआ था और देश में नया संविधान 2015 में लागू हुआ। जिन वजहों से राजशाही व्यवस्था को खत्म किया गया था और जिन उद्देश्यों को हासिल करने के उद्देश्य से नया संविधान लागू किया गया था, इसमें किसी भी उद्देश्य को पिछली सरकारें हासिल करने में विफल रहीं थीं। शायद इसी विफलता का परिणाम था नेपाल में सत्ता के प्रति खुला विद्रोह यानी जेन जी आंदोलन। राजशाही खत्म होने के बाद केंद्र में जिन दलों के गठजोड़ से सरकारों का गठन हुआ, उनके कार्यों के प्रति जनता में संतोष और इत्मीनान देखने को नहीं मिला। यानी पिछली सरकारों के प्रति नेपाली जनता के अनुभव कभी अच्छे नहीं रहे। जेन जी आंदोलन के बाद हुए इस पहले चुनाव में पिछली चुनावी तस्वीर को एकदम बदल कर रख दिया है। अब यह तय माना जा रहा है कि स्वतंत्र पार्टी जो पूर्ण बहुमत (138 सीटें पूर्ण बहुमत के लिए चाहिए) से भी अधिक सीटें जीत कर पहली बार अकेले दम पर सरकार का गठन करने जा रही है। अब आरएसपी को जब नेपाली सांसद में पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, नेपाली जनता की उम्मीदों पर ही खरा नहीं उतरना है, बल्कि भारत सहित पड़ोसियों के साथ संतुलन बनाते हुए बेहतर रिश्ते कायम रखना होगा। खासकर भारत के साथ बेहतर पारंपरिक रिश्ते जगजाहिर रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली के वक्त जो बहुत अच्छे नहीं थे, उसे भी बेहतर करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ एक संतुलित और पारंपरिक रिश्ते को कायम रखने के लिए भारत सरकार से किस तरह की नीति अपनाई जाए, इस नई सरकार को बेहद संजीदा ढंग से समझना होगा। दरअसल, चीन की लगातार कोशिश रहती है कि वह नेपाल की राजनीति में हर स्तर पर दखल ही न दे, बल्कि अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए भारत के साथ बने पारंपरिक रिश्ते में दरार पैदा कर, अपना उल्लू सीधा करे। चीन में बनी तमाम वस्तुएं नेपाली बाजारों में बेधड़क बिकती हैं। भारत की भी कोशिश रही है कि नेपाल के बाजारों में भारत में बनी ज्यादातर चीजों की खपत हो। ऐसे में नई सरकार को बेहतर संतुलन बनाकर चलना होगा जिससे उसके पड़ोसियों से रिश्ते भी खराब न हों। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसपी के दोनों बड़े नेताओं रबि लामिछाने और बालेन शाह को बधाई ही नहीं दी बल्कि नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वक्त में दोनों देशों की साझी कोशिशों से भारत और नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। बालेन शाह यदि भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी। आरएसपी के घोषणापत्र में नेपाल-चीन इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना को हटा दिया गया था। इसका मतलब नेपाल चीन की हर शर्त या योजना पर आंख मूंद कर मोहर लगाने वाला नहीं होगा। यदि वे भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संसार की समस्त समस्याओं का निदान अध्यात्मवाद



संकलित
दर्शन

वर्तमान की समस्त समस्याओं का एक सहज सरल निदान है, अध्यात्मवाद। यदि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक जैसे सभी क्षेत्रों में अध्यात्मवाद का समावेश कर लिया जाए, तो समस्त समस्याओं का समाधान साथ-साथ होता चले और आत्मिक प्रगति के लिए अवसर एवं अवकाश भी मिलता रहे। विषयों में सर्वथा भौतिक दृष्टिकोण रखने से ही सारी समस्याओं का सूत्रपात होता है। दृष्टिकोण में वांछित परिवर्तन लाते ही सब काम बनने लगेंगे। आत्म-परिष्कार से संसार परिष्कृत होता चला जाता है। अपने को सुधारने से सारी समस्याओं का समाधान होता चला जाता है। अपने को ठीक कर लेने से आसपास के वातावरण के ठीक बनने में देर नहीं लगती। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि जो अपना सुधार नहीं कर सका, अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित नहीं कर सका, उसका भविष्य अंधकार मय ही बना रहेगा। इसीलिए मनीषियों ने मनुष्य की सबसे बड़ी बुद्धिमता उसकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति को ही माना है। अध्यात्मवाद का व्यावहारिक स्वरूप है, संतुलन, व्यवस्था एवं औचित्य। शारीरिक समस्या तब पैदा होती है, जब शरीर को भोग साधन समझ कर बरता जाता है। आहार-विहार और रहन-सहन को विचार परक बना लिया जाता है। इसी अनौचित्य एवं अनियमितता से रोग उत्पन्न होने लगते हैं और स्वास्थ्य समाप्त हो जाता है। विभिन्न शारीरिक समस्याओं का आसानी से हल निकल सकता है, यदि इस संदर्भ में दृष्टिकोण को आध्यात्मिक बना लिया जाए।

## हर समस्या का समाधान मिलता है समय के साथ



संकलित
प्रेरणा

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति हमेशा परेशानियों में घिरा रहता था। एक दिन निराशा दूर करने के लिए वह अपने गुरु के पास पहुंचा और कहा कि गुरु जी, मेरे दुख बहुत बढ़ गए हैं। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए, जिससे मैं खुश रह सकूं। गुरु ने अपने शिष्य से कहा कि पहले तुम्हें यह समझना होगा कि सच्चा सुख किसे कहते हैं। जाओ, गांव में जो सबसे सुखी व्यक्ति है, उसके घर से मुट्ठीभर अनाज लेकर आओ। शिष्य ने गुरु की आज्ञा मानी और गांव में सबसे सुखी व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। शिष्य पूरे गांव में घूमने के बाद भी किसी सबसे सुखी व्यक्ति को नहीं खोज पाया। अंत में वह गुरु के पास लौट आया और सारी बात बताई। गुरु मुस्कराए और बोले कि देखो, लोग हमेशा दूसरों से तुलना करके दुखी होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में समस्याएं होती हैं मगर समय के साथ उनका समाधान भी हो जाता है। अगर तुम सच्चे सुख को पाना चाहते हो, तो दूसरों पर ध्यान मत दो। अपनी बुराइयों और कमजोरियों को सुधारो। शिष्य ने गुरु की बात समझी और धीरे-धीरे अपने जीवन में इसे लागू किया, उसने देखा कि कुछ ही दिनों में उसके जीवन में शांति आ गई।

अंतर्मन




आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *-युगलकिशोर साहू, रायपुर*

करंट अफेयर

## सैन्य अभ्यास से चुनौती दी तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ेंगे

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने ईरान में जारी जंग के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सालाना संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया 'वारियर शील्ड' नाम का फील्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के इस खतरनाक समय में यह अभ्यास क्षेत्र की स्थिरता को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को जारी किए गए बयान में किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया की सुरक्षा को कोई भी चुनौती देने पर 'भयानक परिणाम' भुगतने पड़ेंगे। बता दें कि सोमवार को अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपना 11 दिन का 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया था जिसमें हजारों सैनिक शामिल हैं। किम यो जोंग ने ईरान के युद्ध का नाम लिए बिना कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के ये अभ्यास क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तेजी से ढह रही है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध छिड़ रहे हैं, तब इन लापरवाह और बदमाश अंतरराष्ट्रीय गुंडों के कृत्यों के कारण यह सब हो रहा है।' 'फ्रीडम शील्ड' अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं द्वारा हर साल किए जाने वाले 2 कमांड-पोस्ट अभ्यासों में से एक है।



ऑफ बीट

## महर्षि दुर्वासा की तपोभूमि है श्री दुर्वेश्वर महादेव

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर से लगभग दस किलोमीटर दूर नड्डी के समीप डल क्षेत्र में स्थित श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर ऐसा ही एक पावन तीर्थ है, जहां श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य एकाकार हो उठते हैं। मंदिर के ठीक सम्मुख स्थित शांत जलराशि से युक्त डल झील इस स्थल की आध्यात्मिक आभा को और भी गहन बना देती है। मान्यता है कि प्राचीन काल में महर्षि दुर्वासा ने इसी तपोभूमि पर कठोर साधना की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। महर्षि ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि जनकल्याण की भावना से तपस्थली के समीप जल की व्यवस्था का वर चाहा। शिव ने उनकी कामना स्वीकार की और सप्तऋषियों के प्रतीक रूप में सात जलधाराएं फूट पड़ीं। वही जलधाराएं आगे चलकर एकत्रित हुईं और डल झील के रूप में प्रतिष्ठित हुईं। कालांतर में यहां महादेव की स्थापना हुई और यह स्थल (छोटा मणिमहेश) के रूप में विख्यात हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां स्नान एवं परिक्रमा से वही पुण्यफल प्राप्त होता है, जो भरमौर स्थित पवित्र मणिमहेश यात्रा से मिलता है। इतिहास के अनुसार इस मंदिर का निर्माण लगभग दो शताब्दी पूर्व घरोह निवासी कलेशर सिंह राणा ने करवाया था।



X ट्रेंड

### जल जीवन मिशन



केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 8.69 लाख करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी जनकल्याण के प्रति सरकार के कमिटमेंट का प्रतिबिंब है। इससे 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचेगा और जल सेवाओं का ऑपरेशन व मेंटेनेंस और अधिक प्रभावी होगी।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शी बॉक्स पोर्टल




कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान हेतु शी बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायतें सहज, सुरक्षित और गोपनीय तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अर्थव्यवस्था को नुकसान



पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाज़ार गिर रहा है, गैस की कीमतें बढ़ रही हैं, इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### गैस-तेल की किल्लत



शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर, बाकी सभी कमर्शियल संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और खराब होने के आसार हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

बुधवार 11 मार्च 2026

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी

वर्ष : 25, अंक : 348

पृष्ठ : 12+6=18, मूल्य : 4.00***

मौसम

अधि. 38.6

न्यून. 23.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# दो दोस्तों ने मनाई जन्मदिन की पार्टी, फिर एक ही चुनरी से फंदा बनाकर झूल गए

## पुसौर ब्लॉक के चिखली गांव की घटना, गांव में सन्नाटा पसरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

पुसौर ब्लॉक के चिखली गांव में आत्महत्या का जो मामला सामने आई है, वह ढेरों सवाल खड़े कर रहा है। एक ही चुनरी के दोनों पल्लू का फंदा बनाकर एक ही पेड़ में लटक कर दो युवकों ने सुसाइड कर ली है। यह घटना बीती रात की है। पुसौर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खास बात यह है कि दोनों दोस्तों ने पहले जन्मदिन की पार्टी मनाई इसके बाद फांसी लगा ली।

पुसौर थाना क्षेत्र के चिखली गांव में मंगलवार को दो युवकों का शव पेड़ से लटका मिला। जब लोगों ने देखा तो गांव में सनसनी फैल गई। दोनों दोस्तों ने एक ही पेड़ में एक ही चुनरी का फंदा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### मामा के घर में रहता था शिवशरण

शिवशरण मूलतः मालखरौदा सक्ती जिले का रहने वाला है। उसकी मां दूसरे के साथ चली गई तो पिता के साथ मामा के घर बरमकेला ब्लॉक के कटंगपाली में दोनों रहने लगे। सोमवार को उसे तेतला निवासी मृतक लेने गया था। रात को चिखली बाजार के पास एक दिवार में बैठकर शराब पी है। वहां इसके सबूत मिले हैं। कयास लगाया जा रहा है कि शराब पीने के बाद दोनों को कोई बात नागवार गुजरी होगी और ग्लानि में दोनों एक ही चुनरी का दोनों पल्लू का फंदा बनाकर पेड़ पर झूल गए होंगे। खास बात यह है कि जिस पेड़ में दोनों ने फांसी लगाई है। वह बबूल का है और दीवार से सटा हुआ है। दीवार काफी चौड़ी है, लेकिन उसकी ऊंचाई कम से कम 6 फीट है।

# हजार रुपए के लिए बिजली कट...नहीं चलेगा आयोग खफा, पॉवर कंपनी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आम उपभोक्ताओं से बकाया वसूलने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की मनमर्जी पर बिजली नियामक आयोग भारी खफा है। प्रदेशभर के छोटे बकायेदार जिन पर हजार रुपए का भी बकाया है, तो उनकी बिजली को कट कर दिया जा रहा है। इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से 19 जनवरी को प्रकाशित किया, तो इस मामले को ▶▶|शेष पेज 6 पर

खबर का असर




अब होगी 17 मार्च को सुनवाई पॉवर कंपनी को देना होगा जवाब

### नोटिस किया है जारी

आयोग ने खुद से संज्ञान लेते हुए छोटे बकायेदारों का बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में याचिका लगाकर पॉवर कंपनी को नोटिस जारी किया है। अब इस मामले में अब 17 मार्च को सुनवाई होगी। जनसुनवाई में भी इस मामले की शिकायतें मिली थीं।

- एसपी शुक्ला
सचिव, नियामक आयोग

### आयोग ने खुद लगाई याचिका

बिजली नियामक आयोग में आमतौर पर किसी उपभोक्ता की शिकायत पर याचिका लगती है, लेकिन आयोग ने देखा कि पॉवर कंपनी छोटे बकायेदारों की ही बिजली कट कर रही और इसको लेकर समाचार भी प्रकाशित हो रहे हैं तो आयोग ने खुद से संज्ञान लेते हुए इस मामले में याचिका लगी ली है। इसके लिए पॉवर कंपनी को नोटिस भी जारी किया गया है। अब इस मामले की आयोग में सुनवाई होगी। इसमें पॉवर कंपनी को छोटे बकायेदारों का कनेक्शन कट करने का कारण बताना होगा।

### एक माह का बिल जमा नहीं और बिजली कट

एक समय वह था जब दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर भी बिजली कट नहीं होती थी, लेकिन दो माह से ज्यादा का बकाया होने पर घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलता था। अब तो एक माह का बकाया होने पर ही बिजली कट हो रही है। इस मामले में पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि एक माह या दो माह का सवाल नहीं है, रायपुर में तीन हजार से ज्यादा का बकाया होने पर बिजली कट हो रही है। प्रदेश के कई शहरों में हजार रुपए का बकाया होने पर भी बिजली कट की जा रही है।

## बिरला ने पक्षपात किया, सदन की मर्यादा बचाने के लिए लाए संकल्प : गोगोई

# लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, विपक्ष का हंगामा, भड़के शाह

*लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद चर्चा हुई। कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने बिरला पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष को सदन एवं संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए बिरला के खिलाफ संकल्प लाना पड़ा है। गोगोई के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नाराज दिखे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्पीकर ओम बिरला को हटाने के लिए सदन में लाए गए संकल्प पर चर्चा की शुरुआत करते हुए गोगोई ने यह आरोप भी लगाया कि वर्तमान समय में लोकसभा में माइक को भी एक 'अस्त्र' की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी को वर्तमान बजट सत्र के पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने से 20 से अधिक बार रोका गया। इससे पहले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने यह संकल्प सदन में प्रस्तुत किया।

गोगोई ने कहा, देश को पता होना चाहिए कि किस तरह से संविधान और सदन की मर्यादा का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को लाने में विपक्ष को कोई खुशी नहीं है। उन्होंने कहा, बिरला जी का ▶▶|शेष पेज 6 पर

## प्रियंका बोलीं- केवल मेरा भाई सरकार के आगे नहीं झुका

### शाह बोले-गैर जिम्मेदाराना विपक्ष कभी नहीं देखा



गौरव गोगोई ने किरेन रिजिजू पर विपक्ष के भाषण के दौरान सबसे ज्यादा व्यवधान डालने का आरोप लगाया। इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि रिजिजू जी को बोलना पड़ता है, लेकिन मैंने भी आज तक इतना गैर जिम्मेदाराना विपक्ष कभी नहीं देखा।

### प्रियंका ने कहा- राहुल की सच्चाई इनसे पचती ही नहीं है



प्रियंका गांधी ने कहा कि एक ही व्यक्ति है इस देश में जो इन 12 सालों में इनके सामने झुका नहीं। वह नेता प्रतिपक्ष है। और वो नेता प्रतिपक्ष इस सदन में खड़े होके इनके सामने सच बोल देते हैं। सच्चाई वो जो बोलते हैं वह इनसे पचती नहीं है।



### दुबे ने किया बिरला का समर्थन



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में कहा कि अध्यक्ष ओम बिरला हमारे दल से हैं और यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने सोमनाथ चटर्जी और जीवी मावलंकर के उदाहरण दिए और आरोप लगाया कि कांग्रेस इन अध्यक्षों के साथ खड़ी नहीं रही। दुबे ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष पक्षपाती क्यों नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई बिरला के खिलाफ जाता है, तो पूरा एनडीए उन्हें बचाने के लिए खड़ा होगा।

### केसी वेणुगोपाल ने उठाया लोकसभा उपाध्यक्ष का मुद्दा

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया।

### रीजीजू ने राहुल पर कसा तंज

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर 'गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने' का आरोप लगाया। तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो 'परफॉरमेंस' शायद थोड़ा अच्छा होता। रीजीजू ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष सदन में जिस तरह का हल्का व्यवहार करते हैं, वैसा ही अपने सांसदों को भी करने के लिए मजबूर करते हैं।

### रविशंकर ने दिया विपक्ष के सवालों का जवाब

सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है।

## खबर संक्षेप

### पांच निजी स्कूलों को बम धमकी, कुछ नहीं मिला

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम के कम से कम पांच निजी स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए, लेकिन प्राधिकारियों द्वारा की गई गहन जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। धमकी भरे ईमेल की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत स्कूल परिसरों में पहुंची। गुरुग्राम पुलिस के एक प्रवक्ता ने फोन पर बताया, ''स्कूल परिषरों की गहन जांच की गई।

### दो बाइक खड़े ट्रक से टकराईं, तीन की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले में दो मोटरसाइकिल के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने के कारण पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सोमवार देर शाम फुरसतगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगोहां गांव के पास उस वक्त की है।

### खाई में गिरा वाहन, नायब सूबेदार समेत दो जवान शहीद

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरि जिले में सेना का एक वाहन खाई में गिरने से नायब सूबेदार सहित दो जवानों की मौत हो गई। यह हादसा सात मार्च को भारत-चीन सीमा के पास रेड्डी गांव के निकट उस समय हुआ जब वाहन 'ऑपरेशन स्नो लेपर्ड' के तहत परिचालन ड्यूटी के लिए गेलेमो से ताकसिंग जा रहा था।

## परिचालन संकट के बाद बदलाव

# इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह घटनाक्रम उस बड़े परिचालन संकट के करीब तीन महीने बाद सामने आया है, जिसके कारण यात्रियों में व्यापक नाराजगी हुई थी और नियामकीय कार्रवाई भी हुई थी।




### राहुल संभालेंगे कामकाज

कंपनी के अनुसार, नए प्रमुख की नियुक्ति तक राहुल भाटिया एयरलाइन के प्रबंधन का काम देखेंगे। भाटिया ने कहा कि इंडिगो की स्थापना के 22 वर्षों बाद भी उनके मन में एयरलाइन, देश, ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरधारकों और अन्य हितधारकों के प्रति गहरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता है।

# एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, मारा गया एक आतंकी

एजेंसी ▶▶| राजौरी/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास सेना ने मंगलवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने अपराह्न लगभग तीन बजे नियंत्रण रेखा के पास नौशेरा सेक्टर के झांगर इलाके में दो आतंकवादियों की गतिविधि का पता लगाया। इसने कहा कि सतर्क सैनिकों ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई की।



### कहां पर देखी गई हलचल?

जानकारी के अनुसार राजोरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की एक कोशिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया। एक पाकिस्तान समर्थित आतंकी मारा गया, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

### व्हाइट नाइट कोर का एक्शन

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर के जवानों ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान एक आतंकी मारा गया, जिससे एलओसी पर किसी भी तरह की घुसपैठ को सफल होने से रोक दिया गया। सुरक्षाबलों ने इलाके में व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और दूसरे आतंकी की तलाश की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला, चीन समेत पड़ोसी देशों के लिए अहम

# एफडीआई नियम सरल, डॉलर संग युआन की होगी बारिश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत सरकार ने चीन को लेकर एक बहुत बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने एक अहम फैसले में चीन से आने वाले एफडीआई के नियमों में ढील दे दी है। इससे अब देश में डॉलर के साथ युआन की बारिश होगी। बीते कुछ समय से भारत और चीन के रिश्ते बेहतर हुए। विश्वास बहाली के लिए दोनों देशों ने एक अहम कदम उठाए हैं। सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा

चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है। भारत का चीन को निर्यात 2024-25 में 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, आयात 2024-25 में 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा 2023-24 के 85 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। भारत का चीन को निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान 38.37 प्रतिशत बढ़कर 15.88 अरब डॉलर रहा।




### अब तक क्या थे नियम?

पहले चीनी कंपनियों के इन्वेस्टमेंट के लिए भारत सरकार से सिक्योरिटी मंजूरी की जरूरत होती थी। ये पाबंदियां जुलाई 2020 से हैं। तब नई दिल्ली ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं और भारतीय फर्मों के दुश्मनी भरे अधिग्रहण को रोकने की जरूरत का हवाला देकर पड़ोसी देशों की कंपनियों को सरकारी खरीद कॉन्ट्रैक्ट में हिस्सा लेने से रोक दिया था।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा।
- तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित करने को मंजूरी। मदुरै एयरपोर्ट मंदिरों के शहर मदुरै में है।
- उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी बनाने के लिए 3630.77 करोड़ रुपए की रिवाइज्ड टोटल कैपिटल कॉस्ट को मंजूरी दे दी।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए निर्देश

# कोविड-रोधी टीके के दुष्प्रभाव पर मुआवजा पॉलिसी बनाए सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए 'दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति' तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सरकार को दिए निर्देश


सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि कोविड 19 वैक्सीन लगवाने के बाद गंभीर दुष्परिणामों के लिए मुआवजा नीति बनाई जाए। साथ ही कहा कि दुष्परिणामों के मामलों को देखने के लिए मौजूदा व्यवस्था ही जारी रहेगी। साथ ही समय समय पर इससे जुड़ा जरूरी डेटा सार्वजनिक किया जा सकता है।

### किसने लगाई थी याचिका

दरअसल, यह याचिका कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के चलते जान गंवाने वाली दो लड़कियों के पैरेंट्स की तरफ से दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि मौतों के मामलों की स्वतंत्र जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति का गठन किया जाए। साथ ही ऑटोप्सी और जांच की रिपोर्ट्स को जारी किया जाए। याचिका में कहा गया था कि बच्चियों के माता-पिता को आर्थिक मुआवजा दिया जाए।

### कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए टीकाकरण के बाद दुष्प्रभावों की जांच के लिए कोर्ट की तरफ से अलग समिति बनाने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि इस फैसले का मतलब यह नहीं है कि कोई व्यक्ति कानून का सहारा नहीं ले सकता है। कोर्ट ने कहा कि मुआवजा नीति बनाने का मतलब यह नहीं माना जाएगा कि भारत सरकार या किसी अन्य अथॉरिटी ने अपनी गलती या कानूनी जिम्मेदारी स्वीकार कर ली है।



# पुराणों में वर्णित अरपा नदी का महत्व

धार्मिक
डॉ. पुष्पा तिवारी

छत्तीसगढ़ में बहने वाली अति प्राचीन कृपा नदी जो वर्तमान में अरपा कहलाती है, बिलासपुर जिले से प्रवाहित होती है, तथा शिवनाथ नदी में समाहित होती है। पुराणों में इसे कृपा नदी कहा गया है जबकि वायु पुराण में कूपा कहा गया है। पुराणों में इस नदी का उदगम शुक्तीमत पर्वत से माना गया है। विद्वानों के अनुसार अरपा ही शिवनाथ की सहायक कृपा नदी है। बिलासपुर इस नदी के तट पर स्थित है एवं यह कर्रा नामक स्थान पर शिवनाथ में विलीन होती है। खारुन नदी दुर्ग के तांदुला नामक स्थान से उद्गमित रायपुर में प्रवाहित होती है तथा शिवनाथ में विलीन होती है। खारुन नदी का उदगम दुर्ग जिले के बालोद तहसील स्थित पटेचुआ नामक स्थान के



पास चोरहा नाला के रूप में हुआ है। यह उत्तर में दुर्ग, रायपुर जिलों की सीमा बनाते हुए दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी में समाहित हो जाती है। पुराणों में इसे चित्रोत्पला कहा गया है। यह इस क्षेत्र की पावन नदी मानी गई है। वायु पुराण में इसे निलोत्पला कहा गया है। आगे सिहावा पर्वत श्रेणियों से पश्चिम में कांकेर होते हुए चारामा पहुंचती है। यह पूर्वाभिमुख होकर रायपुर - बिलासपुर जिलों की सीमा रेखाएं बनाते हुए ओडिशा प्रवेश कर आगे बंगाल की खाड़ी में विलीन हो जाती है। आगे इस क्षेत्र की सबसे बड़ी नदी होने के कारण महानदी कहलाती है।

जनजाति विशेष
आचार्य मोतीरावण कंगाली

## गोंड समुदाय के शक्ति स्थलों में: कुंदरगढ़





छत्तीसगढ़ में सरगुजा जिले के सूरजपुर तहसील में कुंदरगढ़ है। यहां कोयावंशीय गोंड समुदाय के सगावेनों की जन्मदायिनी शक्ति वेनदाई का ठाना है। कुंदरगढ़ का प्राचीन नाम कोदाई गढ़ था, जिसका अर्थ कोयावंशीयों की दाई होता है। कोयावंशीय गोंड समुदाय के उन्दीवेन, रंडवेन, नालवेंन, सैवेन , सार्वेन, इरवेन, नर्वेन, पदवेन, पारूंदवेन, पारंदवेन, मुंदवेन और अरवेन ऐसे कुल बारह सगा घटक हैं। इन सगावेनों की दाई कोदाई है, इसलिए उसे वेनदाई कहा जाता है। वर्तमान में कुछ लोग उसे कुदरती दाई तो कुछ भगवती ड

दाई भी कहते हैं। कुंदरगढ़ पर्वत पर करीब दो किलोमीटर ऊंचाई चढ़ने पर वेनदाई का ठाना है। देवी के स्थान पर कोई मूर्ति नहीं है, वहां प्रकृतिदर्शी प्रतिमा का प्रादुर्भाव है। अनादि काल से आज तक उस देवी के पुजारी कोयावंशीय गोंड समुदाय के बैगाओ द्वारा होता आ रहा है। प्राचीन काल में इस देवी का ठाना पहाड़ी की चोटी पर था, जो समुद्र सतह से करीब चार हजार फीट ऊंचाई पर है, परंतु वहां चढ़ना मौत को दावत देने के बराबर है, इसलिए यह देवी अपने वनों को दर्शन देने पहाड़ के नीचे अवतरित हैं।

गांव की कहानी
डॉ. रामचन्द्र सिंहदेव

## भाइयों के योगदान को देखते हुए नाम मिला भैयाथान



17 वीं शताब्दी में सरगुजा के महाराज राजधानी से बाहर प्रवास पर थे। उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठा कर कुछ विद्रोही सरदारों ने राजमहल को घेर लिया। रानी को जब पता लगा कि दो चौहान बंधु जोड़ा तालाब के पास डेरा डाले पड़े हैं तो उन्होंने राखी भेज कर दोनों भाइयों से सहायता का अनुरोध किया। दो भाई दलथंबन व धारामल साही ने तत्काल पहुंच कर बागी सरदारों को मार भगाया। इस संघर्ष में दोनों भाइयों को बड़ी संख्या में सैनिक क्षति का सामना करना पड़ा। कुछ समय पश्चात सरगुजा के महाराजा लौटे। अपनी अनुपस्थिति में रानी की रक्षा करने के उपलक्ष्य में उन्होंने दोनों भाई को धन्यवाद दिया और उन्हें भेंट में सरगुजा के पूर्वी भाग झिलमिली की जागीरदारी भेंट की। उन दिनों इस क्षेत्र का एक भाग बालंद शासकों के अधीन था। दोनों भाई रेण नदी के तट पर स्थित कसकेला ग्राम में बस गए। उन्होंने न केवल बालंद राजाओं को खदेड़ा, बल्कि सरगुजा राज्य के विरुद्ध निरंतर विद्रोह करने वालों का भी दमन किया। इस बात से प्रसन्न होकर महाराज अमर सिंह ने दोनों भाई को भैया खिताब से विभूषित किया तथा उनका निवास क्षेत्र भैयाथान के नाम से जाना जाता है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें– **Choupalharibhoomi@gmail.com**

पर्यटनः
डा पीसी लाल यादव

# प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व का स्थल मोटियारी घाट



खैरागढ़ - छुईखदान -गंडई जिला की प्रसिद्धि इंदिरा कला संगीत विश्वाविद्यालय के साथ-साथ यहां के पुरातात्विक स्थलों व प्राकृतिक स्थलों के करण भी है। इस जिले में जिन प्राकृतिक स्थलों के सौंदर्य का अवलोकन कर मन प्रसन्न हो जाता है, उनमें मोटियारी घाट-बंजारी माता की प्रमुखता है। मोटियारी घाट गंडई नर्मदा से बालाघाट मध्यप्रदेश राज्य मार्ग पर ग्राम मोहगांव के बाद प्रारंभ होता है। इसकी लंबाई लगभग 10 किलोमीटर है।

ऊंचे - ऊंचे पहाड़ों को काटकर बनाई गई सर्पीली सड़क लोगों के मन में कौतूहल और रोमांच पैदा करती है। मोटियारी घाट में अनेक खतरनाक मोड़ हैं। एक ओर ऊंची चट्टानें और दूसरी ओर गहरी खाई तथा दोनों ओर प्रकृति का बिखरा अनुपम सौंदर्य यात्रियों को आनंद से भर देता है। ऊंचे - ऊंचे पेड़ों पर चहकती चिड़ियों और वन फूलों की गंध से मनन प्रसन्न हो जाता है।

मोटियारी घाट में राम गोलाई नंगारा डोंगरी के ऊपर बनी वॉच टावर से प्रकृति के सौंदर्य का अवलोकन किया जा सकता है। प्रकृति दर्शन से असीम सुख की प्राप्ति होती है। मोटियारी घाट के नामकरण पर स्थानीय लोगों का ऐसा कहना है कि



पहले यह घाट दुर्गम और कठिन था। लोग केवल पैदल यात्रा करते थे , तब घाट चढ़ते समय किसी मोटियारी (युवती) की गिर कर मृत्यु हो गई थी। तब से इसे मोटियारी घाट कहा जाने लगा। घाट के पश्चिम छोर पर बंजारी माता का प्रसिद्ध मंदिर है। इसलिए इसे बंजारी घाट भी कहा जाता है। बंजारी मंदिर में दुर्गा माता की सुंदर प्रतिमा स्थापित है। यहां पर चैत्र क्वांर माह में दोनों ही नवरात्र के समय ज्योति कलशों की स्थापना होती है। चूंकि यह राष्ट्रीय उद्यान कान्हा किसली जाने के मार्ग पर स्थित है। अतः यहां दर्शनार्थियों की हमेशा भीड़ लगी रहती है। बंजारी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। बंजारी माता व मोटियारी घाट रमणीय व दर्शनीय स्थल है। यहां काले व लाल मुंह के बंदर पाए जाते हैं,जो सावधान न रहने पर यात्रियों से प्रसाद आदि छीन लेते हैं।

आस्था : गौकरण मानिकपुरी

# वफादारी का प्रतीक कोरगांव का कुकुर मंदिर

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला अन्तर्गत मगरलोड जनपद क्षेत्र पैरी नदी तट पर ग्राम कोरगांव स्थित है। स्थानीय निवासियों के अनुसार पहले इस इलाके में बंजारों की घुमंतु टोलियां परिवार सहित कमाने खाने के लिए गांव गांव जाकर तालाब खुदाई कार्य और अन्य कार्य करते थे। विकट परिस्थितियों से बचाव करने के लिए इन लोगों ने अपने कुते को किसी सेठ यहां गिरवी रखा गया। इस दौरान सेठ के यहां चोरी डकैती हो गया, जिसे कुत्ता होशियारी दिखाते हुए , चोरों को नहीं भोंका और चोरों के पीछे पीछे जाकर छिपाए हुए धन को देखकर घर वापस आ गया , फिर सुबह सेठ को चोरी जानकारी हुआ तब चोरों द्वारा छिपाए धन को उस कुत्ते ने दिखाया। जिससे खुश होकर सेठ ने बंजारा के नाम चिठ्ठी लिखकर कुत्ते के गले में बांधकर वापस भेज दिया,कि आपका कुत्ता वास्तव में वफादार और होशियार है, आपके द्वारा गिरवी रखे धन की भरपाई कर दिया है, इसलिए कुत्ते को आप लोगों को सौंप रहा हूं।

जब कुत्ता वापस अपने मालिक बंजारे के पास गया तो,बंजारा बेवफाई से भागकर आ रहा है समझ कर जान से मार दिया। फिर उसके गले में बंधा हुआ पत्र को पढ़कर बहुत पछताया।

और उसके स्मृति में मंदिर बनवाया और मूर्ति स्थापित किया। तब से यहां मंदिर स्थापित है। किन्तु जीर्ण शीर्ण अवस्था में है, जिसका पुनः जीर्णोद्धार करना जरूरी है। बताने योग्य है कि मध्यप्रदेश के स्कूली पाठयक्रम में इस मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इस इलाके से पहली बार गुजरने वाले जिज्ञासु लोग रुक कर गांव वालों से मंदिर के बारे में जानकारी लेते हैं और अपनी कुत्ते की वफादारी पर अपनी सहानुभूति अवश्य प्रकट करते हैं।



लोक साहित्य
डॉ. उर्मिला शुक्ल

## वैवाहिक रस्मों पर भांवर गीत में श्रृंगार का वर्णन

छत्तीसगढ़ में विवाह के अवसर पर फेरा लेते समय भांवर गीत गाया जाता है। इस गीत में राम और सीता के विवाह को आधार बनाकर वर और वधु के श्रृंगार और उनके सप्तपदी का वर्णन होता है। ज्ञातव्य है कि सप्तपदी या भांवर विवाह का वह चरण है जिसमें खुशी के साथ साथ कन्या के पराई होने का दुख भी शामिल हो जाता है, शायद इसीलिए यहां भांवर गीतों में गंभीरता देखने में आती है -

कामा उलीथे कारी बदरिया
कामा ले बरसे बूंद
सरग उलीथे कारी बदरिया
धरती मा बरसे बूंद
काकर भींजे नवरंग चुनरी
काकर भींजे उरमाल
सीता के भींजे नवरंग चुनरी
राम के भींजे उरमाल
कइसे के चिन्हेव सीता जानकी
कइसे चिन्हेव भगवान
कलसा बोहे चिन्हेव सीता जानकी
मुकुट खोचे भगवान।



कला जगत : डा परदेशी राम वर्मा

# लोक कला मंच के शुरुआती सर्जकों में दाऊ महासिंह चंद्राकर



दुर्ग जिले के रिसामा के मालगुजार परिवार में जन्में दाऊ महासिंह चंद्राकर का जन्म अरमरी ग्राम में 1919 को हुआ। बचपन से ही कला प्रेमी आपके तबला गुरु सरवन केवट तथा हारमोनियम के गुरु उस्ताद बाल कृष्ण रहे। कलाकारों को अपने बाड़े में ही रखकर कला साधना करते हुए आप रियाज करते रहे। 7 मार्च 74 को दाऊजी ने ओटेबंद में सोनहा बिहान का पहला मंचन किया। छत्तीसगढ़ के लोक मंच पर नए स्वर्ण विहान रूपी नए सूर्य के उदित होते ही सोनहा बिहान का आभास सबको हो गया। पहली प्रस्तुति ही रोमांचक सिद्ध हुई। दाऊ महासिंह चंद्राकर के साथ जुड़े अंचल के प्रख्यात साहित्यकार डा नरेंद्र देव वर्मा सुबह की तलाश प्रसिद्ध उपन्यास है। इसी उपन्यास पर आधार मानकर मंच का प्रदर्शन हुआ। सोनहा बिहान उनकी ऐसी प्रस्तुति रही जिससे छत्तीसगढ़ अंचल की परंपरा, सहजता, सेवा भावना और तमाम विशेषताओं को स्वर, कथा और नृत्य के माध्यम से सम्मोहक मंचीय संस्पर्श मिला। आपकी सुपुत्री ममता चंद्राकर आकाशवाणी रायपुर और इंदिरा कला संगीत



विश्वविद्यालय खैरागढ़ के मुख्य पद को सुशोभित कर चुकी हैं। इस संस्था के अनेक कलाकारों को ऊंचाई मिली। बेहतर प्रदर्शन का दौर निरंतर जारी रहा। दाऊ महासिंह चंद्राकर जीवन पर्यंत कला साधना में लगे रहे। अंतिम सांस तक वे इनसे अलग नहीं हुए। उन्होंने 28 अगस्त 97 को भी दिन में तबला, ढोलक और हारमोनियम के साथ रियाज किया। उसी दिन उन्होंने गाते बजाते हुए महाप्रयाण किया।

## सहकारी बैंक की जमीन पर अतिक्रमण, कांग्रेस का आरोप- निजी व्यक्ति को फायदा पहुंचाने सरकार नहीं हटा रही कब्जा

**मंत्री ने कहा कलेक्टर को कब्जा हटाने पत्र लिखा, जल्द होगी कार्रवाई, जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया बहिर्गमन**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने डोंगरगढ़ में सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भवन निर्माण के लिए आवंटित जमीन पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, सरकार इतनी कमजोर हो गई है कि अपनी ही आबंटित जमीन से अतिक्रमण नहीं हटा पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक भवन निर्माण की राशि स्वीकृत होने के बावजूद शाखा को किराए के भवन में चलाया जा रहा है, ताकि किसी निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा सके।




उन्होंने सदन में सवाल उठाते हुए कहा, जिस जमीन पर सहकारी बैंक शाखा भवन बनना है, वहां भूमिपूजन भी हो चुका है, लेकिन अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उन्होंने पूछा कि आखिर उस जमीन पर किसका कब्जा है और सरकार उसे हटाने में क्यों असफल हो रही है। उनका कहना था कि भवन निर्माण की राशि मंजूर होने के बावजूद बैंक शाखा किराए के भवन में चल रही है, जिससे किसानों को भी असुविधा हो रही है।

### कलेक्टर से हो चुकी है चर्चा

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जवाब देते हुए कहा, फिलहाल बैंक का भवन नहीं होने के कारण शाखा किराए के भवन में संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने को लेकर कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है और जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों की सुविधा का मुद्दा उठा

हर्षिता बघेल ने सरकार से सवाल किया कि जब बैंक किसानों के लिए बनाया गया है तो उन्हें बेहतर सुविधा कब मिलेगी। उन्होंने पूछा कि अतिक्रमण कब तक हटेगा और भवन निर्माण कब शुरू होगा, इस पर मंत्री केदार कश्यप ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाकर भवन निर्माण कराया जाएगा।

### भूपेश ने भी साधा निशाना

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरक प्रश्न में जमीन के रकबे को लेकर सरकार को घेरा, उन्होंने पूछा कि कुल कितनी जमीन आबंटित है और पार्किंग के लिए कितनी जगह की आवश्यकता है। मंत्री ने बताया कि 2200 वर्ग मीटर जमीन आबंटित है और लगभग 3 हजार वर्ग मीटर जमीन पार्किंग के लिए चाहिए। इस पर भूपेश बघेल ने कहा, वहां करीब 19 हजार वर्ग फीट जमीन खाली पड़ी है। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है, जिससे साफ है कि किसी निजी व्यक्ति को फायदा पहुंचाने के लिए कार्रवाई नहीं की जा रही है। मंत्री ने दोहराया कि अतिक्रमण जल्द हटाया जाएगा।

### मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का बहिर्गमन

भूपेश बघेल ने सरकार पर अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और पूछा कि अतिक्रमण हटाने की तारीख बताई जाए। मंत्री ने कहा कि कलेक्टर को पत्र लिखा गया है और जल्द कार्रवाई होगी। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी विधायकों ने नारेबाजी करते हुए बहिर्गमन कर दिया था।

## नेशनल हेराल्ड, संडे नवजीवन और नवसृजन मैगजीन को दिए गए सरकारी विज्ञापनों का मुद्दा उठा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने नेशनल हेराल्ड, संडे नवजीवन और नवसृजन मैगज़ीन को पिछले सालों में विज्ञापन राशि के बारे में सवाल किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि नेशनल हेराल्ड को पिछले पांच सालों में कुल 4.24 करोड़ रुपए का विज्ञापन मिला, नवसृजन को कोई भुगतान नहीं किया गया और संडे नवजीवन को 3.06 करोड़ रुपए का विज्ञापन मिला।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि नेशनल हेराल्ड को पिछले पांच वर्षों में कुल 4 करोड़ 24 लाख रुपये के विज्ञापन दिए गए। वर्षवार जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 2019-20 में 34

**नेशनल हेराल्ड को 5 साल में 4.24 करोड़, नवसृजन को कोई भुगतान नहीं**

लाख, 2020-21 में 58 लाख, 2021-22 में 68 लाख, 2022-23 में 1.28 करोड़ और 2023-24 में 1.36 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इसी अवधि में नवसृजन मैगज़ीन को कोई विज्ञापन राशि नहीं दी गई, जबकि संडे नवजीवन को करीब 3 करोड़ 6 लाख रुपये के विज्ञापन जारी किए गए। नेशनल हेराल्ड के प्रबंधकर्ता पवन बंसल हैं।

### अजय चंद्राकर ने भी उठाया सवाल

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूरक प्रश्न के दौरान यह भी पूछा कि क्या किसी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े प्रकाशनों को सरकारी विज्ञापन दिया जा सकता है और क्या इस मामले में जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस पर स्पष्ट किया कि विज्ञापन प्रति पृष्ठ 8 लाख रुपये की दर से दिए गए हैं और यह पूरी प्रक्रिया विज्ञापन नियमावली 2019 के प्रावधानों के तहत की गई है। वहीं भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल उठाया कि इन विज्ञापनों को किस नीति के तहत जारी किया गया और क्या इसकी जांच कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसका परीक्षण कराने का आश्वासन दिया।

## अनिल टूटेजा को सुप्रीम कोर्ट से झटका एफआईआर पर रोक की मांग खारिज

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। नए मामले में एफआईआर पर रोक की मांग वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट के डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पूर्व आईएएस को हाई कोर्ट जाने की सलाह दी है।

छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ के शराब घोटाले में जांच का सामना कर रहे पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। शराब घोटाले सहित अन्य मामलों में जांच का सामना कर रहे पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ भविष्य में किसी भी नए मामले में एफआईआर दर्ज करने पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व आईएएस टूटेजा की याचिका पर सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, किसी भी जांच एजेंसी को जांच के लिए पहले से रोक लगाने का आदेश नहीं दे सकते। डिवीजन बेंच ने कहा, यदि किसी व्यक्ति की भूमिका किसी मामले में सामने आती है संबंधित जांच एजेंसियों को जांच और कानूनी कार्रवाई का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कोर्ट यह निर्देश नहीं दे सकता, भविष्य में किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई नया केस दर्ज ही न हो। यह जांच एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र का विषय है। डिवीजन बेंच ने यह भी कहा, यदि याचिकाकर्ता को किसी मामले में गिरफ्तारी की आशंका है तो वे संबंधित अदालत में अग्रिम जमानत के लिए



आवेदन कर सकते हैं। याचिकाकर्ता पूर्व आईएएस की ओर से पैरवी करते हुए सीनियर एडवोकेट शोएब आलम ने दलील दी, वे बीते तकरीबन 20 महीनों से जेल में हैं। जैसे ही किसी मामले में उन्हें जमानत मिलती है, किसी दूसरे केस में उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। उनका आरोप था कि जांच एजेंसियां एक पैटर्न के तहत यह कार्रवाई कर रही हैं, जिससे उन्हें लगातार जेल में रखा जा सके।

### हाई कोर्ट जाने की सलाह

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पूर्व आईएएस को सलाह दी कि जिन मामलों में उन्हें गिरफ्तारी की आशंका है, उनमें वे छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से कहा, इस तरह की याचिकाओं पर 2 से 4 सप्ताह के भीतर निर्णय लिया जाए।

## पीएचडी के लिए अध्ययन अवकाश कोर्ट का अधिकार नहीं

बिलासपुर। पीएचडी के लिए अध्ययन अवकाश की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि उच्च शिक्षा के लिए अध्ययन अवकाश देना कोर्ट का अधिकार नहीं है। यह नियोक्ता के विवेक पर निर्भर करता है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने इस टिप्पणी के साथ याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने मामले में कहा कि अध्ययन अवकाश के दौरान कर्मचारी को वेतन और अन्य सुविधाएं मिलती रहती हैं जो सार्वजनिक धन से दी जाती हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि उच्च शिक्षा पर किया गया यह निवेश संस्थान और समाज के व्यापक हित में उपयोगी हो। इस याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। कोर्ट ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को उच्च शिक्षा के लिए अध्ययन अवकाश देना उनका अधिकार नहीं है बल्कि यह नियोक्ता के विवेक पर निर्भर करता है। इस टिप्पणी के साथ डिवीजन बेंच ने गणित के एक व्याख्याता की अपील खारिज की, जिसमें उन्होंने पीएचडी करने के लिए अध्ययन अवकाश की मांग की थी।

### पॉलिटेक्निक कालेज के लेक्चरर का मामला

छत्तीसगढ़ में एक शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज में कार्यरत गणित के लेक्चरर ने डाक्टरेट करने के लिए कालेज के प्राचार्य ने उनका आवेदन कौशल विकास विभाग के सचिव को फारवर्ड कर दिया था। इसके बाद उन्होंने रायपुर स्थित एक शासकीय पोस्ट ग्रेजुएट साइंस कालेज में पीएचडी करने के लिए एडमिशन भी ले लिया और अध्ययन अवकाश के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनका आवेदन कौशल विकास विभाग से किसी तरह का कोई जवाब न आने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अध्ययन अवकाश की मांग की गई। हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा उच्च शिक्षा के लिए अध्ययन अवकाश तभी दिया जा सकता है जब अभ्यर्थी किसी राष्ट्रीय महत्व के संस्थान में प्रवेश ले। याचिकाकर्ता इस शर्त को पूरा करने में असफल रहा है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने डिवीजन बेंच में अपील की थी जो खारिज हो गई।

## बच्चा चोर समझकर ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर पीटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में बच्चा चोरी की शक पर एक ऑटो चालक को पेड़ से बांधकर बेदम पिटाई करने का मामला सामने आया है। ऑटो चालक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। लोगों ने ऑटो चालक की पिटाई करने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। बड़ी बात यह है कि अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की बात कर रहे है। बता दें कि मंगलवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर डंडे और चप्पल से पिटाई कर रहे है। यह वीडियों रिंग रोड स्थित परशुराम मंदिर के समीप का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो को लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार एक नाबालिग छात्रा पैदल स्कूल जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में एक ऑटो चालक ने छात्रा से बातचीत की कोशिश की और उसे अपनी ऑटो में बैठाकर स्कूल छोड़ने की बात कही जिससे घबराकर छात्रा वहां से भागकर पास में मौजूद एक परिचित महिला के पास पहुंच गई।









# खबर संक्षेप



## गेहूं का उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** फसल वर्ष 2025-26 में भारत का गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 12 करोड़ 2.1 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 11 करोड़ 79.4 लाख टन से दो प्रतिशत अधिक है। कृषि मंत्रालय ने कहा गेहूं की कटाई शुरू हो गई है और उम्मीद है कि आने वाले सप्ताहों में प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में इसमें तेज़ी आएगी। कृषि मंत्रालय ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में बताया कि कुल रबी फसल उत्पादन वर्ष 2025-26 में 3.16 प्रतिशत बढ़कर 17 करोड़ 45.1 लाख टन होने का अनुमान है। दलहनों का उत्पादन वर्ष 2025-26 के रबी मौसम में सात प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 62.4 लाख टन होने का अनुमान है। जो एक साल पहले एक करोड़ 52.3 लाख टन था।

## इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। बयान में कहा गया है कि नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं। ताकि कंपनी की संस्कृति को मजबूत किया जा सके। इंटरग्लोब एविएशन एयरलाइन का परिचालन इंडिगो ब्रांड नाम से करती है।

## मजबूत हाजिर मांग से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की मांग में तेजी आने के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को जस्ता की कीमत एक रुपये की मामूली तेजी के साथ 328.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव एक रुपये या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 328.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 771 लॉट के लिए कारोबार हुए। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के कारण जस्ता कीमतों में तेजी आई।


# ओला, उबर और भारत टैक्सी के बाद अब आने वाला है 'नेमभारत' राइड हेलिंग ऐप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का राइड बुकिंग बाजार काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियों को टक्कर देने के लिए सरकार ने हाल ही में भारत टैक्सी नामक एक नया ऐप लॉन्च किया है। इस बीच अब बाजार में एक और राइड हेलिंग ऐप जल्द लॉन्च किया जा सकता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक मोबिलिटी लिमिटेड ने 'नेमभारत' नाम से नई सेवा शुरू करने की घोषणा की है, लेकिन इसकी लॉन्च तारीख अभी तय नहीं बताई गई है। नेमभारत कैब और ऑटो-रिक्शा जैसे अलग-अलग साधनों को एक साथ जोड़ने की योजना बना रहा है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिले।

### क्या होगी नेमभारत की खासियत

नेमभारत को प्रीपेड और कैशलेस राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि इस ऐप पर सर्ज प्राइसिंग नहीं होगी और किराया पहले से तय रहेगा। यह सेवा ड्राइवरों से किसी तरह का कमीशन या सब्सक्रिप्शन शुल्क नहीं लेने का वादा करती है। कंपनी का कहना है कि यह मॉडल मौजूदा राइड बुकिंग सेक्टर से जुड़ी कई पुरानी शिकायतों को दूर करने की कोशिश करेगा।



### ड्राइवर और यात्रियों को क्या होगा फायदा?

कंपनी के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले ड्राइवर अपनी हर राइड की पूरी कमाई अपने पास रख सकेंगे और किसी तरह का कमीशन नहीं देना होगा। इससे उनकी आय में स्थिरता आने और कमाई बढ़ने की उम्मीद है। वहीं यात्रियों को बिना सर्ज प्राइसिंग के पहले से तय और पारदर्शी किराए पर सफर करने का लाभ मिलेगा।

### बारिश या पीक ऑवर्स में नहीं बढ़ेगा किराया

वहीं, यात्रियों के लिए भी कंपनी ने सर्ज प्राइसिंग खत्म करने का वादा किया है यानी पीक ऑवर्स या बारिश जैसे समय में किराया अचानक बहुत ज्यादा नहीं बढ़ेगा. यह सेवा प्रीपेड और कैशलेस दोनों सिस्टम पर लागू होगी। नेमभारत का दावा है कि वह एक राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क बनाने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि अभी यह साफ नहीं किया गया है कि यह सेवा किन शहरों में पहले शुरू होगी।

### ऑटो सहित कई ट्रांसपोर्ट ऑप्शन भी रहेंगे

नेमभारत सिर्फ कैब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें ऑटो-रिक्शा जैसे अन्य परिवहन साधनों को भी जोड़ा जाएगा। कंपनी का कहना है कि उसका सिस्टम कंज्यूमर संरक्षण के नियमों के मुताबिक होगा और सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों का पालन करेगा। साथ ही सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

## निफ्टी का 24 हजार से ऊपर रहना शुभ संकेत, अब 25,000 के लक्ष्य पर निगाहें

# शेयर बाजार में लौटी बहार: निवेशकों की चांदी सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई जबरदस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को निवेशकों की चांदी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही प्रमुख सूचकांक भारी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 639.82 अंक उछलकर 78,205.98 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी ने भी 233.55 अंकों की तेजी दर्ज की और 24,261.60 पर क्लोजिंग दी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेतों ने बाजार में जोश भर दिया। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 256 अंक के बढ़त के साथ 16,262.25 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि निफ्टी का 24,000 के ऊपर रहना एक बहुत ही शुभ संकेत है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर निफ्टी 24,370 के स्तर को पार कर लेता है, तो जल्द ही 25,000 का लक्ष्य दिख सकता है।

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेत**

### कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट

बाजार में तेजी का सबसे प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का सस्ता होना रहा। ब्रेंट क्रूड करीब 5% गिरकर 93.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। दरअसल, व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत के बाद सप्लाई की चिंताएं कम हुई हैं। तेल की कीमतों में आई इस नरमी से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिली है। इससे महंगाई कम होने की उम्मीद जगी है और निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ा है।



### एशियाई और अमेरिकी बाजारों में हरियाली

वैश्विक बाजारों से मिलने वाले संकेतों ने भी भारतीय बुल्स की मदद की। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 5% तक चढ़ गया, जो एक बड़ी रिकवरी है। जापान का निक्केई और चीन के बाजारों में भी खरीदारी का माहौल रहा। पिछले सत्र में अमेरिकी बाजारों की मजबूती ने भारतीय निवेशकों को खरीदारी के लिए प्रेरित किया।

### इंडिया वीआईएक्स में गिरावट से डर हुआ कम

शेयर बाजार में अस्थिरता और डर को मापने वाला 'इंडिया वीआईएक्स इंडेक्स 12% तक गिर गया। यह अब 20.48 के स्तर पर आ गया है, जो काफी राहत की बात है। वीआईएक्स में गिरावट का सीधा मतलब है कि अब निवेशकों के मन में अनिश्चितता कम हो रही है। लोग अब बाजार में जोखिम लेने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। इससे आने वाले दिनों में और अधिक स्थिरता देखने को मिल सकती है।

### रुपए में सुधार और भविष्य की राह

तेल सस्ता होने का सीधा लाभ भारतीय रुपये को भी मिला है। रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत होकर 92.14 के करीब पहुंच गया। हालांकि, विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने रुपये की इस रफ्तार को थोड़ा नियंत्रित रखा। एशियाई बाजारों की इस रैली ने घरेलू बाजार में भी निवेशकों का सेंटीमेंट सकारात्मक बनाए रखा।

### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज डिक्सन टेक्नोलॉजी, श्रीराम फाइनेंस और ग्लेनमार्क ने क्रमशः 11.26 फीसदी, 7.67 फीसदी और 5.11 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। पावर फाइनेंस और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के शेयरों में भी क्रमशः 4.93 फीसदी और 4.74 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई।

# एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है। कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। यह आईपीओ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के नियमों के तहत लाया जा रहा है।


**केनरा बैंक Canara Bank** — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **18/04/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी : **श्रीमती श्रेया राय पुत्री राजेश कुमार राय श्रीमती श्रेया राय पत्नि विद्या दास** कालेज रोड सीतापुर, सीतापुर, लून्ड्रा, जिला- सरगुजा छत्तीसगढ़- 497111 | संपत्ति का समस्त भाग भूमि एवं भवन जो कि खसरा नं. 109/2 में स्थित है, (109 क्षेत्रफल 0.506 हेक्टेयर का भाग) क्षेत्रफल- 0.020 हेक्टेयर, मंगारी, पी.एच नं. 08, आर.आई सर्कल-बतौली, जिला- सरगुजा, छत्तीसगढ़- 497101 चर्तुसीमाएँ (सेल डीड के अनुसार): पूर्वः कच्चा रोड, पश्चिमः सुखनाथ की भूमि, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः हरसाई की भूमि। संपत्ति मालिक- श्रीमती श्रेया राय पुत्री राजेश कुमार राय BAANKNET PROPERTY ID: CNRBSHREYARAI COORDINATES: 22.902106, 83.450357 भौतिक कब्जा | 28.11.2025 / 11.02.2026 / दि. 09/03/2026 को ₹ 35,18,881.82 +देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 38,78,000/- / ₹ 3,87,800/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 17/04/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 18/04/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 09.03.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक


# पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को बीमा समर्थन देने पर विचार: गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को मदद देने के लिए सरकार बीमा समर्थन की नई योजना लाने की संभावना तलाश रही है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस संबंध में निर्यात ऋण गारंटी देने वाली इकाई ईसीजीसी और अन्य विभागों के साथ परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा, /"हम निर्यातकों की मदद के लिए बीमा समर्थन जैसी कुछ नई योजनाएं विकसित करने पर भी विचार कर रहे हैं... इस बारे में ईसीजीसी और अन्य विभागों से चर्चा की जा रही है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच लगातार जारी हमलों से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। यह संकट भारतीय निर्यातकों के लिए इस लिहाज से अहम है कि भारत के लिए पश्चिम एशिया प्रमुख निर्यात बाजारों में से एक है।



### संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर रखे हैं नजर

उन्होंने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और निर्यातकों के साथ लगातार संपर्क में है। गोयल ने कहा कि सरकार उन निर्यातकों की मदद के उपाय तलाश रही है जिनका माल भेजा जा चुका है लेकिन मौजूदा हालात के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चौबीसों घंटे हालात पर नजर रखे हुए है।

### कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों में भारत शीर्षनिर्यातक

इससे पहले गोयल ने 'आहार खाद्य एवं आतिथ्य मेला' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। भारत फिलहाल दुनिया का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा अब तक किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) ने भारतीय उत्पादों के लिए निर्यात के बड़े अवसर खोले हैं।

### व्यापार समझौतों को लेकर कई देशों से चर्चा

गोयल ने कहा, /"हम अब कनाडा के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसके अलावा पश्चिम एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ भी चर्चा शुरू हुई है। यह सब कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बड़े अवसर प्रदान करता है।/" गोयल ने कहा कि कृषि और मत्स्य उत्पादों का निर्यात वर्तमान में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये के आसपास है।


**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**कब्जा सूचना**

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्ज़ा नोटिस

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54 ऑफ 2002) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग नोटिस के अनुसरण में और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/ऋणधारकों, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के भीतर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर **कब्जा** कर लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तम सिंह लहरे, श्यामकली लहरे | मकान-मौजा उसलापुर, क्ष्ज्ञान संख्या 26/45, मौजा उसलापुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में विक्रेता की भूमि, पश्चिम में विक्रेता की भूमि, उत्तर में हरिराम गुप्ता की भूमि, दक्षिण में 20 फुट की सड़क। | 03-01-2026 | 15,29,393 | 07-03-2026 |
| 2. | शेखर सिंह, विश्राम कोलम, | प्लॉट-मौजा निरतु, खसरा संख्या 1704/3/के/2, मौजा निरतु, मकान संख्या 53, तहसील तखतपुर, आरएनएम-सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में सड़क, पश्चिम में भोला श्रीवास की भूमि, उत्तर में विक्रेता की भूमि, दक्षिण में विक्रेता की भूमि। | 03-01-2026 | 11,96,383 | 07-03-2026 |
| 3. | सतीश कुमार थावरे, मोनिका पाटिल | प्लॉट-मौजा सैदा, खसरा संख्या 147/4 (भाग), फोन संख्या 41, मौजा सैदा, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में सड़क, पश्चिम में सूर्यवंशी की भूमि, उत्तर में विक्रेता की भूमि, दक्षिण में विक्रेता की भूमि। | 03-01-2026 | 13,03,857 | 07-03-2026 |
| 4. | मनीष पणिक, जयंत पणिक, मीना पणिक, काजोल | मकान-प्लॉट संख्या 14/4, खसरा संख्या 473/5, मौजा गुरु, फोन संख्या 61, आरएनएम बिलासपुर, विकास खंड तख्तपुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में 25 फीट प्रस्तावित सड़क, पश्चिम में श्रवण वर्मा की भूमि, उत्तर में विक्रेता की भूमि, दक्षिण में विक्रेता की भूमि। | 03-01-2026 | 21,18,098 | 07-03-2026 |
| 5. | अमित टंडन, मानषी टंडन | प्लॉट-मौजा सैदा, खसरा संख्या 248/32 (भाग), फोन संख्या 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में सड़क, पश्चिम में विक्रेता का भूखंड, उत्तर में सूर्यवंशी का भूखंड, दक्षिण में विक्रेता का भूखंड। | 03-01-2026 | 16,43,019 | 07-03-2026 |
| 6. | सोनू पात्रे, दुर्गा पात्रे | मकान संख्या 141/03 (भाग), संख्या 01, शीट संख्या 07, शिव मंदिर गोकुलधाम फेज II के पास, मौजा मेंढ्रा, मकान संख्या 42, आरएनएम- पेंदारी, तहसील- सकारी, जिला- बिलासपुर (छत्तीसगढ़), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में राजेश की भूमि, पश्चिम में अग्रवाल की भूमि, उत्तर में अग्रवाल की भूमि, दक्षिण में प्रस्तावित सड़क। | 03-01-2026 | 11,64,439 | 07-03-2026 |
| 7. | रामू श्रीवास, शशि श्रीवास | मकान संख्या 85/8, मकान संख्या 25, मौजा खमतराई, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में निस्तारी रास्ता, पश्चिम में अन्य भूमि, उत्तर में अन्य भूमि, दक्षिण में कीर्ति राजक भूमि। | 03-01-2026 | 15,22,175 | 07-03-2026 |
| 8. | त्रिलोचन दास मानिकपुरी, लता बाई मानिकपुरी | फ़्लैट-ख नं. 278/2, मौजा निरतु, पीएचएन 53, आर.एन.एम पेंड्री विकास खंड, तह तखतपुर और जिला। बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाबद्ध: पूर्व में निस्तारी रास्ता, पश्चिम में सुधीर रॉय का प्लॉट, उत्तर में प्लॉट रामकुमार, दक्षिण में प्लॉट श्रीकांत सोनी। | 03-01-2026 | 10,40,790 | 07-03-2026 |
| 9. | अभिषेक यादव, महेश यादव, रूमा यादव | प्लॉट-ख नं. 671/4, मौजा मेंढ्रा, फोन 42, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: उत्तर में अन्य का भूखंड, दक्षिण में 25 इंच चौड़ी सड़क, पूर्व में विक्रेता का भूखंड, पश्चिम में विक्रेता का भूखंड। | 03-01-2026 | 8,40,291 | 07-03-2026 |
| 10. | अजय कुमार निर्मलकर हेमलता निर्मलकर | भूखंड- 126/104, मौजा पत्थरखान, फोन नंबर 16/30, आरएएनएम, तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में निस्तारी रास्ता, पश्चिम में लोहरानी का भूखंड, उत्तर में विक्रेता का भूखंड, दक्षिण में विक्रेता का भूखंड। | 03-01-2026 | 10,56,779 | 07-03-2026 |
| 11. | पूजा सिंह, शिव विशाल सिंह | भूखंड- 1704/3/घा/2, मौजा निरतु, फोन नंबर 53, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमाएँ: पूर्व में निस्तारी रास्ता, पश्चिम में विक्रेता का भूखंड, उत्तर में विक्रेता का भूखंड, दक्षिण में अन्य का भूखंड। | 03-01-2026 | 11,11,243 | 07-03-2026 |
| 12. | आकाश सयगोरे, विकाश सयगोरे, संजना अहिरवार | मकान-मौजा मुधीपार, खसरा संख्या 360/1, पीएचएन 9, आरएनएम बिल्हा, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006। सीमाएँ: पूर्व में विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर में सड़क, दक्षिण में दीपक राठौर की भूमि। | 03-01-2026 | 8,25,105 | 07-03-2026 |
| 13. | दीपक कुमार श्रीवास, कला बाई श्रीवास | मकान-विभाजित आवासीय भूमि, शीट संख्या 3, भूखंड संख्या 42, खसरा संख्या 33/6 का भाग, (बिक्री समझौता क्षेत्रफल 1001 वर्ग फुट), पटवारी हलका संख्या 50, ग्राम गनियारी, राजस्व निरीक्षक गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495006। सीमाएँ: पूर्व में सड़क, पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर में विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण में बिल्लू की भूमि। | 03-01-2026 | 9,02,832 | 07-03-2026 |

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक /जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

**ऋणधारकों जमानतदारों** तथा **आम जनता** को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए **संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।**

**ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो आरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।**

**स्थान: बिलासपुर, दिनांक: 11-03-2026** — अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड



**कार्यालय, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर छ.ग.**

**आवश्यकता है**

भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर को रेडक्रास मेडिकल शाप में कार्य करने हेतु फार्मासिस्ट - 04 पद, कम्प्यूटर आपरेटर-05 पद एवं भृत्य-04 पद की आवश्यकता है।
नियुक्ति की नियम व शर्तो / वेतनमान शैक्षणिक योग्यता एवं आवेदन फार्म भरने हेतु लिंक की जानकारी bilaspur.gov.in पर देखी जा सकती है।
आवेदन पत्र सिर्फ आनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जावेगे।
आवेदन पत्र जमा करनें की अंतिम तिथि दिनांक 16.03.2026

**सचिव, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर छ.ग.**


### कमजोर मांग से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को एल्युमीनियम की कीमत 3 रुपये की गिरावट के साथ 335.85 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह की डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम के अनुबंध का भाव 3 रुपये यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 335.85 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी) CIN: U40108CT2003SGC015822
कार्या. कार्यपालन अभियंता (संचा. / संधा.) संभाग छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि., बैकुण्ठपुर

क्र./ कायं.बै./स्था./. — बैकुण्ठपुर, दिनांक / /2025

**ईश्तहार** — ईकोर्ट रा.प्र.क्र... ./अ-19/2025-26

सर्व साधारण ग्राम शिवपुर प.ह.नं. 02 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) हितबद्व पक्षकारों को सूचित किया जाता है कार्यालय न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर का पत्र क्र क्यू/तह./ वाचक / 2026 बैकुण्ठपुर दिनांक 23/02/2026 के द्वारा ग्राम शिवपुर में स्थित शासकीय भूमि ख. नंव 306 रकबा 0.40 हे. को कार्यलय छ.ग. स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि., बैकुण्ठपुर के नाम पर आबंटित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबध हित मे रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 11/03/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस कार्यलय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्यात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।
जारी दिनांक........

कार्यपालन अभियंता (संचा. / संधा.)
छ.ग.स्टे.पॉ. डि.कं. लिमि., बैकुण्ठपुर


## 24 कैरेट सोने के दाम में उछाल चांदी 13,000 रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** सराफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। दिल्ली सराफा एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का भाव 1,64,500 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। सोमवार को इसका दाम 1,63,700 रुपये था। इसी तरह 22 कैरेट सोने की कीमत भी बढ़कर 1,52,990 रुपये हो गई है। कीमतों में इस उछाल से खरीदारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। चांदी के दाम में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। सोमवार को जहां चांदी 2,68,300 रुपये प्रति किलो थी, वहीं मंगलवार को यह बढ़कर 2,81,500 रुपये पर पहुंच गई। यानी एक दिन में चांदी करीब 13,000 रुपये महंगी हो गई है।

### आर्थिक अनिश्चतता बना कारण

सराफा कारोबारियों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव और कीमती धातुओं की बढ़ती मांग के कारण कीमतों में यह तेजी देखने को मिल रही है। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने और चांदी की ओर रुख कर रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अब कुसमी में...

की बात सामने आई थी। लोगों ने अफीम की खेती का वीडियो बनाकर वायरल किया जिसके बाद हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद कुसमी एसडीएम अनमोल टोप्पो, एसडीओपी कुसमी आशीष कुंजाम, तहसीलदार कुसमी रोकी एक्का, थाना प्रभारी विरासत कुजूर सहित पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान यह बात सामने आई कि गांव में तस्करों द्वारा तीन से चार एकड़ जमीन पर अवैध रूप से अफीम उगाई गई थी और फसल तैयार होने के बाद डोडा को चीरा लगाया था। डोडा से अफीम निकालने की तैयारी चल रही थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मात्रा में सूखा डोडा बरामद किया है जिसमें खसखस भरा हुआ था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की कार्रवाई जारी थी। **रातभर पहरा, आएगी एनसीबी की टीम**- इस पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर राजेन्द्र कटारा और एसपी वैभव बैंकर भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अब इस जांच में एनसीबी को भी शामिल किया जाएगा। बुधवार को टीम मौके पर जांच करने के साथ ही कार्रवाई करेगी। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम को तैनात किया गया है जो रातभर खेत में पहरेदारी करेगी।

### सरपंच ने दी...

पर दी थी। इस दौरान पुलिस ने जानकारी भी मांगी थी लेकिन फिर कोई कार्रवाई के लिए नहीं आया। क्षेत्र में अक्टूबर महीने से ही अफीम की खेती चल रही थी और बाहरी लोग ही इसमें शामिल थे लेकिन बड़ा सवाल यह है कि एक तरह शासन प्रशासन नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की बात कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर अफीम के खेती की सूचना मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है इससे क्षेत्रीय पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है।

### अफीम की खेती...

नेता विनायक ताम्रकर का भाई है। उसने लंबे समय से खसरा नंबर 778, रकबा 0.13 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा कर रखा था। इसकी लगातार शिकायते मिल रही थी, जिसे पूरी तरह से ढहाया गया है। इस जमीन पर सीमेंट पोल की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। टीम में आरआई, तहसीलदार,पटवारी व पुलिस टीम भी मौजूद थी, कब्जा को जब हटाया जा रहा था। ग्रामीणों का जबरदस्त उत्साह भी देखा जा रहा था। सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले बृजेश ताम्रकर को राजस्व विभाग ने पहले नोटिस जारी किया उसके बाद तोड़फोड़ करने बुलडोजर समेत राजस्व अमला पहुंचा था। जमीन का बाजार मूल्य 3 करोड़ 80 लाख रुपए बताया गया है।

### नारकोटिक्स सेल फेल,...

रिपोर्ट 2025-26 में नारकोटिक्स सेल के कामकाज का ब्योरा देते हुए कहा गया है- छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा ओड़िशा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, तेलंगाना एवं मध्यप्रदेश से जुड़ी हुई है। राज्य में गांजे व अफीम की खेती परिलक्षित नहीं है, किंतु छत्तीसगढ़ राज्य के रास्ते अन्य राज्यों में गांजा अफीम की तस्करी की जा रही है।

### दुर्ग के बाद बलरामपुर...

विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में लगभग 5 एकड़ 62 डिसमिल क्षेत्र में लगे अफीम के पौधों को जब्त किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### लाइसेंस लेकर भी...

उपयोग रसोई में मसालों के रूप में भी होता है। बुवाई के लिए बहुत ही बारीक और उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का चयन किया जाता है। बीजों को सीधे तैयार किए गए समतल खेत में छिड़क कर या कतारों में बोया जाता है। पौधा करीब 3 से 4 फीट तक ऊंचा होता है और उसके बाद ही इसमें वह मुख्य फल (डोडा) लगता है जिससे अफीम निकाली जाती है।

### सदन में गूंजा,...

थोड़ी भी नैतिकता है, तो इस्तीफा दे देना चाहिए। बलरामपुर में अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस ने बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, मैंने पहले ही कहा था कि दुर्ग तो महज पर्दाफ़ाश की शुरुआत थी। अफीम सहित सूखे नशे का कारोबार सुनियोजित तरीके से मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के संरक्षण में चल रहा है। दुर्ग में जो भाजपा नेता अफीम की खेती करते पकड़ा गया, उसे विष्णुदेव सरकार ने मुख्य आरोपी तक नहीं बनाया। यह खेल बड़ा है। पूरी भाजपा इस नशे के कारोबार में लिप्त है। इधर अफीम की खेती के नए खुलासे के बाद 12 मार्च को कांग्रेस ने प्रदेश स्तर पर भाजपा दफ्तर एकात्म परिसर का घेराव करने की योजना बनाई गई है।

### गैस संकट, सरकार...

उत्पादन को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाएं। देश में एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई में कमी आ गई है। ईरान में चल रही जंग के चलते ऐसी स्थिति पैदा हुई है। इससे निपटने के लिए मंगलवार को सरकार ने एस्मा लागू कर दिया। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी ना रहे। इसके अलावा रिफाइनरीज को केंद्र सरकार ने आदेश दिया है कि वे एलपीजी का उत्पादन बढ़ा दें। इसके अलावा कॉर्मशियल सिलेंडरों की बजाय घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई में इजाफा किया जाए। सरकार ने अपने आदेश में बताया है कि किन सेक्टरों को 100 फीसदी सप्लाई जारी रहेगी और उसमें किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। आदेश के अनुसार सरकार ने कुछ सेक्टरों को प्राथमिकता में रखने को कहा है।

### तेल आपूर्ति बाधित...

के बाद उनके पुत्र अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी चुना गया। इसके एक दिन बाद ही तेल की कीमतें कुछ समय के लिए 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। निवेशकों का मानना है कि यह इस बात का संकेत है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए युद्ध के 10 दिन बाद ईरान अपनी स्थिति और मजबूत कर रहा है।

### दो दोस्तों ने...

बनाकर आत्महत्या किया था। मृतकों की पहचान दीपक बरेठ 21 निवासी तेतला, और शिवशरण कर्ष 22 निवासी कटंगपाली के रूप में हुई है। बताया गया कि दीपक बरेठ अपने दोस्त लाभोराम के साथ शिवशरण कर्ष को कटंगपाली से जन्मदिन पार्टी मनाने के लिए लेने गया था। रास्ते में तीसरे दोस्त को उतारने के बाद दोनों युवकों ने देर शाम जमकर शराब पार्टी की। इसके बाद दोनों ने पेड़ पर चुनरी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुसौर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल रायगढ़ भेजा। इस पूरे मामले में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मसलन चुनरी कहां से आई, दोनों दोस्त थे और साथ में हंसी-खुशी पार्टी किया तो ऐसी क्या बात हुई कि दोनों दोस्तों को अपनी जान देनी पड़ी। ऐसी कई अन्य सवाल भी जिसकी तलाश पुलिस भी कर रही है। **जांच की जा रही है**- दोनों एक ही चुनरी के दोनों पल्लू का फंदा बनाकर आत्महत्या करने का मामला प्रारंभिक जांच में सामने आई है। आगे इस पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पूरी जानकारी के बाद ही कुछ कहा जा सकता हे। -**मोहन भारद्वाज**, टीआई पुसौर

### हजार रुपए के...

बिजली नियामक आयोग ने गंभीरता से लेते हुए खुद से संज्ञान लेते हुए याचिका दायर कर ली है और पॉवर कंपनी को नोटिस थमा दिया है।

### लोकसभा अध्यक्ष के...

व्यक्तिगत रूप से सभी के साथ रिश्ता अच्छा है। हमें यह संकल्प लाना पड़ रहा है।

### कोविड-रोधी टीके...

को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। पीठ ने कहा, इसी तरह, दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, भारत सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा।

### एफडीआई नियम सरल,...

हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की।

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंती विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
नकली माल से सावधान

# हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com
Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** FMCG एजेन्सी गोदाम व्यापार विहार में काम हेतु 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर (Tally, Excel जानकार हो) एवं 1 गोदाम कीपर और 2 हमाल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- S.K. Jain 8878911205 (40160)

**आवश्यकता है-** टाईल्स कार्य हेतु घर में फुल बॉडी टाईल्स से चौखट बनाने 2000 फिट में 4×6 एवं 32×64 का टाईल्स कार्य हेतु कुशल कारीगर चाहिए। कुल 24000 वर्गफुट कार्य हेतु सम्पर्क करें- रामा मेग्नेटो मॉल के सामने विनोबा नगर 9300350288, 98279 87466 (40163)

**आवश्यकता है-** किचन सुपरवाईजर, किचन हेल्पर, तन्दूर वेटर (लेडिस, जेन्ट्स), चाइनीज कुक, इंडियन कुक, हाऊस कीपिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल आनन्द 7869962000 होटल सेन्ट्रल पाइंट 9993424004 (40165)

**आवश्यकता है-** ढाबा में सप्लायर, हेल्पर, तन्दूर मास्टर, हेड मिस्त्री, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करे- सुबह 11 से रात 11, रायपुर रोड, हाईकोर्ट के आगे, बोदरी बिलासपुर 7000942962, 9098976666 (40159)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलुजा मेडिकल एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (40168)

**आवश्यकता है-** अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर बिलासपुर हेतु), एक्स-रे टेक्नीशियन सरगांव के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (40162)

**आवश्यकता है-** लवली ड्रेसेस सीएमडी कॉलेज के बाजू में लिंक रोड, बिलासपुर के लिए सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9893361111, 70001 03010 (40164)

**आवश्यकता है-**रायपुर स्थित घर की देखरेख करने 24 घंटे रहने योग्य महिला/ युवती की आवश्यकता है। रहना खाना फ्री+वेतन सम्पर्क करें- 9993707000 (826)

**Required-**Married Female Accountant with minimum 3 years experience. Knowledge of Tally & MS Office preferred. Good communication and accounting skills required. Office- Madhyanagri chowk Bilaspur. Contact 9009052052 (40152)

**आवश्यकता है-** होटल में काम करने हेतु हाउस कीपिंग मेल स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन 7000से 9000 तक सम्पर्क करें- होटल नटराज अग्रसेन चौक बिलासपुर 9977861508 (40166)

**आवश्यकता है-** थोक गिफ्ट दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- सिद्धि विनायक गिफ्ट, वृन्दावन परिसर, तेलीपारा बिलासपुर 9827255100 (नोट- फोन 11बजे के बाद करें) (40161)

**आवश्यकता है-**महेन्द्र जेम्स एन ज्वेलर्स में हाउस कीपिंग एवं किचन स्टाफ की आवश्यकता है। पुरुष/ महिला आवेदन करें। उचित वेतन उपलब्ध। सम्पर्क करें- 91713 25702 (40146)

**आवश्यकता है-**दुकान कार्य हेतु लड़के एवं लॉज में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने की सुविधा। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- विनय ऑटो अथवा किरण लॉज गांधी चौक बिलासपुर (40133)

**आवश्यकता है-**बिजली दुकान में सामान निकालने, जमाने हेतु दो कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन 9000 से 15000 तक योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- नटराज इलेक्ट्रानिक स्टेट बैंक के पास नया सरकंडा, बिलासपुर 9098195247 (40155)

**आवश्यकता है-**यूटीएन शॉप में मार्केटिंग कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। मासिक वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- शॉप नं-16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7806007192, 79995 94790 (40157)

**आवश्यकता है-**जूता चप्पल की दुकान में कार्य करने के लिए लड़की और लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- राजपाल ट्रेडर्स करबला रोड पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9685029222 (40150)

**आवश्यकता है-**Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (40136)

**आवश्यकता है-**सुरक्षा गार्ड की तत्काल भर्ती बिलासपुर में पुराना बस स्टैण्ड, सरकंडा, कोनी, CMD चौक, सिरगिट्टी, तिफरा हेतु। वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 9589316942, 99933 36942 (40145)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु समझदार फीमेल कैंडिडेट्स की आवश्यकता है। इंटरव्यू टाइमिंग सुबह 11 से शाम 4 बजे तक। वेतन योग्यता अनुसार फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों सम्पर्क करें- 95842 57226 (40143)

**आवश्यकता है-**होटल में चाइनीज कुक, इंडियन कुक एवं वेटर (सप्लायर) युवक, युवतियां अनुभवी/ फ्रेशर दोनों को प्राथमिकता एवं चाइनीज कुक की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9340229293, 98274 67841 (40120)

**आवश्यकता है-**थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (40138)

**आवश्यकता है-**टैली एवं माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में काम करने के लिए अनुभवी एवं ग्रेजुएट युवकों की आवश्यकता है। टैली में कार्य का पूर्व अनुभव अनिवार्य है। उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए अपने बायोडाटा के साथ आना है। सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 9009658882 पता- जाजोदिया टाइल्स, होटल ग्रैंड अम्बा के सामने, पुराना बस स्टैण्ड के पास, बिलासपुर (40149)

**आवश्यकता है-**शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़को की आयु 18 से 30वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई नियुक्ति शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 9165407080, 91658 20635 (501)

**आवश्यकता है-**रियल एस्टेट कम्पनी में कार्य करने का सुनहरा अवसर टेली कॉलिंग हेतु लड़की 4पद, मार्केटिंग हेतु लड़के 5पद चाहिए। सम्पर्क करें- अम्बे कंस्ट्रक्शन राजकिशोर नगर मोपका चौक पास बिलासपुर 7987236607, 081091 19184 (40115)

**आवश्यकता है-**लॉण्ड्री शॉप में वाशरमैन, आयरन मैन, स्टोर मैनेजर एवं CCTV कैमरा लगाने हेतु अनुभवी युवक चाहिए सम्पर्क करें- शाप नं.-14, सत्या आटोमोबाइल के बाजू मे, सिटी सेन्टर बिलासपुर 9752760266, 96693 00033 (40151)

**आवश्यकता है-**Data Analyst/ Entry ऑपरेटर 2पद एवं पर्सनल ड्राइवर- 2पद (10 वर्ष का अनुभवी) जो सभी गाड़ी चला सके आटोमेटिक वाल्वो फार्च्यूनर, इत्यादि। सम्पर्क करें- शिवांगी ऑइल्स, सिरगिट्टी, बिलासपुर 82248 25555 (40154)

**आवश्यकता है-**मेडिकल स्टोर में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्कता है। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- सांई मेडिकल स्टोर दुकान नं.-4, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक बिलासपुर 9589480555 (40144)

**आवश्यकता है-**डेंटल क्लीनिक में फूल टाइम/ पार्ट टाइम काम करने हेतु लड़कियों की आवयश्कता है। सम्पर्क करें-शांति डेंटल केयर दयालबंद गुरुद्वारा के पास, मेन रोड, बिलासपुर 8109518000 (40134)

**आवश्यकता है-**दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- भारत गिफ्ट हाऊस, नियर भारत बैग के सामने, तेलीपारा मेन रोड बिलासपुर 9926819318 (40135)

**आवश्यकता है-**रेस्टोरेन्ट हेतु तन्दूर रोटी कारीगर मार्केटिंग स्टोर हेतु युवक (स्वयं का वाहन अनिवार्य) वेटर, हेल्पर, लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है (खाना रहना फ्री) सम्पर्क करें- मुर्ग मसल्लम रेस्टोरेन्ट बिलासपुर 78791 21999 (40137)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर में गर्ल्स हॉस्टल में 24 घंटे ड्यूटी के लिए महिला वार्डन एवं शासकीय अर्धशासकीय कार्यों हेतु लड़के (कार चला सके) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7974533781 (40125)

**आवश्यकता है**
रेस्टोरेन्ट में कार्य करने हेतु निम्न स्टाफ की आवश्यकता है

| |
|---|
| स्टीवर्ट - 2 पद |
| साउथ इंडियन शेफ- 2पद |
| कॉन्टिनेंटल शेफ- 1पद |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर- 2पद |
| काउन्टर सेल्समैन- 2पद |

अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। वेतन योग्यता अनुसार।
-:सम्पर्क करें:-
मौसाजी रेस्टोरेन्ट
मंगला चौक बिलासपुर
मो.-9827421944

**आवश्यकता है-**कपड़े दुकान में काम करने हेतु रिसेप्शनिस्ट, हेल्पर, पैंट्री पद हेतु योग्य युवक/ युवती की। वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- वसंत साड़ी सेंटर, सदर बाजार, बिलासपुर 7987065573, 8305284014 (40139)

**आवश्यकता है-**स्टेशनरी शॉप में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़की की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करें-भाटिया इंटरप्राइजेज नेहरू चौक पेट्रोल पम्प के बाजू में बिलासपुर 7587259295 (3182)

**आवश्यकता है-**स्टाफ की आवश्यकता बैंकिंग और लोन प्रोसेसिंग के कार्य हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य। अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन+ इंसेंटिव। सम्पर्क करें- 6263116161 (40142)

**आवश्यकता है-**होटल में हेल्पर एवं साफ सफाई कार्य करने के लिए 4 लोगों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल द एनी नेहरू नगर बिलासपुर 7067310092, 88156 64344 (40089)

**आवश्यकता है-**इच्छुक वर्कर्स की आवश्यकता है ऑफिस मे काम करने के लिए वेतन योग्यता अनुसार आकर्षक कमिशन संपर्क करें - अग्रसेन चौक बिलासपुर 8953541999 (1340)

**आवश्यकता है-**कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़का एवं ईंटा प्लांट प्लाई एश ब्रिस में सुपरवाइजर (मुंशी) हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है रहने की सुविधा। सम्पर्क- 98271 80096, 7354949644, 9827199008 (40110)

**आवश्यकता है-**श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग एवं अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (समय 10am से 7pm) सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज सरकंडा बिलासपुर 9074741377 (40129)

**आवश्यकता है-**पर्सनल सिक्योरिटी के लिए अनुभवी बाउन्सर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8827821974, 7879858767 (40107)

**आवश्यकता है-**तत्काल भर्ती महिला केयर टेकर 10 (खाना बनाना आना चाहिए), ड्राइवर 10, गार्ड 50, हाउस कीपिंग 10 की आवश्यकता है बिलासपुर शहर के लिये सम्पर्क करें- 8889823100 (40096)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में माल डिलिवरी, पेमेन्ट कलेक्शन हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 9000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9827497711 (40140)

**आवश्यकता है-** परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (40095)

**आवश्यकता है-** होलसेल कपड़ा दुकान में सेल्समैन एवं दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- हीरा ट्रेडिंग कम्पनी श्रीराम क्लॉथ मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 9827112950, 8319617107 (40093)

**आवश्यकता है-**प्लास्टिक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों (पेमेंट भरपुर मात्रा में) तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नानक ट्रेडर्स तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (39979)

**आवश्यकता है-**चायपत्ती के पैंकिग कार्य लड़की व महिला और पुरुष लडको की जरूरत है सम्पर्क करें- जैन ट्रेडर्न नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह 7469980000, 07714075490 (1339)

## बेचना है

**बेचना है-**लोखण्डी मेन रोड से लगे व्यावसायिक, आवासीय सर्वसुविधायुक्त प्लाट, मकान उपलब्ध है सम्पर्क करें-एस.के. कंस्ट्रक्शन नारायणी हॉस्पीटल के बगल वंदना ट्रेडर्स के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 90986 49603, 7987295995 (39605)

**बेचना है-**सकरी परसदा हाउसिंग बोर्ड के पीछे, सृष्टि संस्कृति कॉलोनी के पास 2BHK, 3BHK नवनिर्मित मकान एवं प्लॉट उपलब्ध है सम्पर्क करें- 7869493130 (40127)

**बेचना है-**बिलासपुर के प्राइम लोकेशन 27खोली, इंद्रसेन नगर, रॉयल ऑर्किड के पास 40×60 (2400 वर्गफुट) प्लॉट बेचना है। 25 फीट रोड, अच्छी लोकेशन, रहने एवं निवेश हेतु बेहतरीन सम्पर्क करें-8960265888 (40158)

**बेचना है-**मोपका से चिल्हाटी जाने के मार्ग से 200 फिट अन्दर 40×60 का प्लॉट 2400 वर्गफिट डायवर्टेड प्लॉट 900 रुपए फिट में बेचना है सम्पर्क करें- 8602493624, 96914 62088 (40130)

**बेचना है-**डायवर्टेड प्लॉट बेचना है 30×58 (लगभग 1744 वर्गफुट) बेलतरा चौक, मटियारी, सीपत रोड (मेन रोड में) तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 9340582883 94255 45552 (40116)

**बेचना है-** कोरबा- उरगा मुख्य मार्ग से लगा हुआ बरबसपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक एलआईजी (मध्य तल) का फ्लैट बेचना है सम्पर्क करें- 9425283727, 94241 65378 (40124)

**बेचना है-**बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने, रोड से 100 मीटर दूर, डबल रोड का 2BHK मकान बेचना है (प्लॉट साइज 22×45) सम्पर्क करें- 6265041277, 8361997770 (40128)

**बेचना है-**सकरी में टाउन एण्ड कंट्री अप्रूव्ड कॉलोनी में मात्र 1290/- वर्गफुट और नेशनल हाईवे बिल्हा में पूर्ण विकसित डायवर्टेड प्लांट मात्र 1190/- वर्गफुट में, 80% बैंक फाइनेन्स सम्पर्क- 7987374690, 9770468361 (40126)

**बेचना है-**40×75= 3000 फुट पश्चिम मुखी जैन हॉस्टल गली विनोबा नगर 4500/- फुट, (2) 19 फ्रंट 504 फुट मेन रोड व्यापार विहार में डबल स्टोरी दुकान बर्गरकिंग के सामने सम्पर्क- 9827938236 (40114)

**बेचना है-**खमतराई में 1.64, सेन्दरी (कोनी) में 7.32, कच्छार में 24 एकड़, घुटकू में 11.79, निरतु में 1.14 एवं पौसरा (नगोई) बिलासपुर में 5.44 जमीन बेचना है। सम्पर्क करें- 9406441535, 93008 78897 (40111)

**बेचना है-**रामा लाइफ कॉलोनी सकरी बिलासपुर में स्थित 40×80= 3200 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट तत्काल बेचना है सम्पर्क करें- 96309 90940 (40104)

**बेचना है-**नया मकान कीमत 90लाख, निर्माण ग्राउंड फ्लोर 2200 वर्गफीट प्रथम फ्लोर 1000 वर्गफीट प्लाट साइट 50×50 स्वतंत्र बोरिंग हंसिका विहार कालोनी उसलापुर सम्पर्क करें- 9039032178, 9893913366 (दलाल सम्पर्क ना करें) (40132)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारम्भ-**मैट्स विश्व विद्यालय, मुक्त दूरवर्ती शिक्षा, शासकीय सेवामान्य, प्रवेश प्रारम्भ DCA, PGDCA, BCA, MCA, BA, BSc, BCom, MA, MSc, MCom, BBA, MBA, MSW, BLib, MLib अन्तिम तिथि 15 मार्च, सम्पर्क- राजेन्द्र नगर चौक बिलासपुर 8959264581, 95160 36581 (40085)

## फायनेंस

**फायनेंस-** प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्कः- 7489545029 (1338)

Medicare Specialists

यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659,93039-48500
96177-89223,93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586



## इगा ने मारिया को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर चौथे दौर में बनाई जगह

# इंडियन वेल्स में लगातार छठी बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची स्वियातेक, बनीं पहली महिला खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)

दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 32वीं वरीयता प्राप्त मारिया साकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। स्वियातेक अब एग्निज्का राडवांस्का और कैरोलिना वोज्नियाकी के बाद इंडियन वेल्स में लगातार छह वर्षों तक राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, साल 2009 में इस फॉर्मेट की शुरुआत के बाद से, डब्ल्यूटीए-1000 इवेंट्स में जीत प्रतिशत के मामले में (कम से कम 10 मैच) स्वियातेक (129-31, .806) केवल सेरेना विलियम्स (148-28, .841) से पीछे हैं।



### हार के बाद मीरा ने खोया आपा तोड़ा रैकेट, दर्शकों पर चिल्लाई

मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4-6, 6-7(5), 6-3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया, जो नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, 'मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।'

### मारिया का शानदार प्रदर्शन

मारिया साकारी का प्रदर्शन शानदार रहा था, उन्होंने अपने सभी सर्विस गेम जीते और सभी छह ब्रेक प्वाइंट्स बचाए। स्वियातेक के खिलाफ भी उन्होंने इसी तरह शुरुआत की। पहले गेम में अपने चौथे ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 2-0 की बढ़त बनाने के लिए एक लंबा होल्ड किया। इसके बाद स्वियातेक ने अपने फोरहैंड की गति बढ़ाई और आखिरी सात में से छह गेम जीत लिए। दूसरा सेट भी कुछ ऐसा ही रहा, जिसमें स्वियातेक ने साकारी की सर्विस को तीन बार तोड़ा। साकारी का आखिरी बैकहैंड शॉट कोर्ट से बाहर चला गया था। टॉप 20 से बाहर रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले 34 मुकाबलों में, स्वियातेक को केवल एक हार का सामना करना पड़ा था, जो पिछले महीने दोहा क्वार्टरफाइनल में साकारी के खिलाफ मिली थी।

### राउंड ऑफ 16 में पहुंचीं जेसिका

दूसरी ओर, अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्तापेंको के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 4-6, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करके राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। चौथे दौर में उनका मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक से होगा। 2019 की सेमीफाइनलिस्ट बेंसिक ने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-3 से हराकर चौथी बार राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई है।



### कोवासेविक को हराकर जोकोविच पहुंचे चौथे दौर में

नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी खिलाड़ी अलेक्जेंडर कोवासेविक के खिलाफ 6-4, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, इस मुकाबले के दौरान पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच को कोवासेविक ने कड़ी चुनौती जरूर दी, लेकिन जोकोविच ने दबाव में भी सूझबूझ का परिचय दिया। जोकोविच को इस हफ्ते लगातार दूसरे मैच में जीत के लिए तीन सेट तक संघर्ष करना पड़ा। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कामिल माजचर्जाक के खिलाफ भी कड़ा मुकाबला जीतकर अभियान की शुरुआत की थी। मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में 113वीं बार प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर जोकोविच ने राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया और इस सूची में अकेले शीर्ष पर पहुंच गए। वह साल 2017 के बाद पहली बार इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंचे हैं, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा।

---

## खबर संक्षेप



### क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगे मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल

लंदन। मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा। वेस्ट हैम ने ब्रेंटफोर्ड को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर एक दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिपः नागर ने जीते दो गोल्ड मेडल

**हैदराबाद।** पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने सातवीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के एसएच 6 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। कृष्णा ने पुरुषों के एकल एसएच 6 फाइनल में सुदर्शन एमएस को 21-10, 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कृष्णा ने इसके बाद मिश्रित एसए 6 वर्ग में नित्या सुमति सिवन के साथ मिलकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक मेडल जीता। इस जोड़ी ने सुदर्शन एमएस और श्रेया कुमारी को 21-7, 21-11 से हराया।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल : पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर मनु

**नई दिल्ली।** ओलंपियन मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं। ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए।



---

सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे 41 करोड़

# टीम इंडिया पर धनवर्षा, बीसीसीआई ने दी 131 करोड़ की पुरस्कार राशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से छह करोड़ रुपए अधिक है।



### 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 6-6 करोड़ रुपए


सूत्रों के अनुसार 15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपए सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, 'बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है।'

### बीसीसीआई ने की कप्तान-कोच की तारीफ

बीसीसीआई के मुताबिक, कप्तान सूर्यकुमार यादव के शानदार नेतृत्व में भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निडर और जोशीला खेल दिखाया। धमाकेदार बल्लेबाजी, अनुशासनात्मक गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण समेत टीम ने टी20 विश्व कप के सभी चरणों में निरंतरता बनाए रखी और सबसे मुश्किल पलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। बीसीसीआई ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ की भी उनकी लीडरशिप, प्लानिंग और तैयारी के लिए तारीफ की। बोर्ड ने पुरुष चयन समिति की भी तारीफ की।

### एएफसी महिला एशियाई कप से बाहर भारतीय टीम

**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम को मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। मैच के बड़े हिस्से में हावी रहने और कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम को मौकों को भुनाने में नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम पहली बार मेरिट के आधार पर इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद जल्दी बाहर हो गई।



## नहीं टलेगा फुटबॉल विश्व कप
### स्थगित करना नहीं आसान : फीफा

एजेंसी ▶▶| डलास




फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा, जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा, 'अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है।' उन्होंने कहा, ' हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम अपने सभी संघीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। हम हर दिन के हिसाब से चल रहे हैं और किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही, है ना? विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।'

---

गोल्फ प्रीमियर लीग

## आज से आईजीपीएल, भुल्लर गिल, कोचर पर रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर 11 से 13 मार्च तक होने वाले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के पहले चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे, जिसमें कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

भुल्लर ने 2025 में आईजीपीएल में खिताब जीता था और इस बार उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। एशियाई टूर में 11 जीत के साथ भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे भुल्लर के अलावा इस प्रतियोगिता में पुखराज सिंह गिल भी भाग लेंगे, जिन्होंने 2025 में आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता था। इनके अलावा एशियाई टूर के स्टार करणदीप कोचर और अमन राज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में 2025 में मुकाबला इतना करीबी था कि शीर्ष तीन खिलाड़ियों पुखराज (81,90,652 रुपए), अमन राज (81,81,708 रुपए) और भुल्लर (81,30,000 रुपए) के बीच केवल 60,000 रुपए से कुछ अधिक का अंतर था। इस प्रतियोगिता में कुल 58 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें नौ एमेच्योर खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें कोई कट नहीं होगा।



### इंडियन ओपन गोल्फ की राशि बढ़ी, पहुंची 2.55 मिलियन डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी अक्षय भाटिया हीरो इंडियन ओपन में चुनौती पेश करने वाले दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल होंगे। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक इंडियन ओपन का आयोजन 26 से 29 मार्च के बीच गुरुग्राम के 'डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में होगा। आयोजकों ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.55 मिलियन डॉलर (लगभग 23.42 करोड़ रुपए) कर दी गई है, जिसमें से विजेता को 4,33,500 डॉलर (लगभग चार करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। 'डीपी वर्ल्ड टूर' और भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भाटिया के अलावा स्पेन के मौजूदा चैंपियन यूजेनियो चाकारा और बेल्जियम के थॉमस डेट्री (2025 में पीजीए टूर पर फीनिक्स ओपन विजेता), डीपी वर्ल्ड टूर के मौजूदा सत्र के विजेता दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस, स्पेन के नाचो एल्विरा और जर्मनी के फ्रेडी शॉट जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है।

### गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने हेडन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारुपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, ' मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है। शीर्ष स्तर पर उनका अनुभव और उभरती प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देने की उनकी क्षमता आगामी सत्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।' हेडन ने कहा, ' अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है। शानदार बल्लेबाजी खेल पर अपना दबदबा बनाती है।

## अर्शदीप पर आईसीसी ने लगाया 15 प्रतिशत जुर्माना, मिचेल को गेंद मारने की मिली सजा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट से जुड़ी कोई अन्य चीज) फेंकने' से जुड़ा है। यह घटना रविवार को न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद फेंकने के बाद शॉट खेलने पर गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बल्लेबाज की ओर फेंका, जो न्यूजीलैंड के उप कप्तान के पैड पर लगी।



### टूर्नामेंट में भारत ने खेले कुल 9 मैच, सैमसन 5 मैच ही खेल पाए

# सैमसन ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया।

सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से 4 मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था।



### टूर्नामेंट में सैमसन ने खेले सिर्फ 5 मैच

सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल 9 मैच खेले, जिनमें से सैमसन 5 मैच ही खेल पाए थे। आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के टूर्नामेंट में इससे पहले 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनने वाले किसी खिलाड़ी ने या तो अपनी टीम के सभी मैच खेले थे या फिर वे केवल एक मैच से बाहर रहे थे।

### पूरे मैच नहीं खेलने वाले इन खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार

जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार हासिल किया था, उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ((चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।





# 194 साल का हुआ जोनाथन, इसने देखे हैं दो विश्व युद्ध और 40 अमेरिकी राष्ट्रपति!

**न्यूयार्क।** इंसान की औसत उम्र 70-80 साल होती है। लेकिन, दुनिया में आपने इंसानों से लंबी उम्र की बातें तो अक्सर सुनी ही होंगी। हर कोई चाहता है कि वह ज्यादा से ज्यादा साल तक जीवित रहे। लेकिन. क्या आप जानते हैं कि इस धरती पर एक ऐसा भी जीव है जो 194 साल का हो चुका है। उसका जन्म 1832 में हुआ था और आज 2026 तक वह जीवित है। उसका नाम जोनाथन है और वह एक कछुआ है। यह न केवल दुनिया का सबसे उम्रदराज कछुआ है, बल्कि धरती पर जीवित सबसे पुराना थल जीव भी है। यह दक्षिण अटलांटिक महासागर के एक छोटे से द्वीप सेंट हेलेना में रहता है।

### 194 साल की उम्र में कैसा है जोनाथन?

बढ़ती उम्र का असर जोनाथन पर भी पड़ रहा है, लेकिन वह आज भी काफी फुर्तीला लगता है। मोतियाबिंद के कारण जोनाथन अब देख नहीं सकता और उसकी सूंघने की शक्ति भी खत्म हो चुकी है। हालांकि, जोनाथन की सुनने की शक्ति आज भी कमाल की है। वह अपने देखभाल करने वाले की आवाज पहचान लेता है। उसे अब भी फल और सब्जियां खाना बहुत पसंद है। उसके लिए खास तौर पर विटामिन से भरपूर डाइट तैयार की जाती है।



### जोनाथन की लंबी उम्र का राज?

वैज्ञानिकों का मानना है कि जोनाथन की लंबी उम्र के पीछे उसकी प्रजाति के धीमे मेटाबॉलिज्म और सेंट हेलेना के शांत वातावरण का बड़ा हाथ है। कछुओं की यह प्रजाति तनावमुक्त जीवन जीती है और उनकी कोशिकाएं बहुत धीरे-धीरे बूढ़ी होती हैं। जिस दुनिया में सब कुछ इतनी तेजी से बदल रहा है, वहां जोनाथन का शांत भाव से घास चरना हमें सिखाता है कि जीवन की असली खूबसूरती ठहरने और जीने में है।

### कई पीढ़ियों को गुजरते देखा

इतनी लंबी उम्र के कारण इस कछुए ने अनगिनत पीढ़ियों को आते-जाते देखा है। जिस समय इसका जन्म हुआ था, उस दौर में बहुत सी चीजें आज की दुनिया से बिल्कुल अलग थीं। समय के साथ दुनिया बदलती गई, लेकिन यह कछुआ धीरे-धीरे अपनी जिंदगी जीता रहा।


### 19वीं सदी में हुआ था जन्म

माना जाता है कि इस कछुए का जन्म 19वीं सदी की शुरुआत में हुआ था। उस समय दुनिया में न मॉडर्न टेक्नोलॉजी थी और न ही आज जैसी तेज रफ्तार जिंदगी। जब यह कछुआ पैदा हुआ था तब दुनिया बिल्कुल अलग थी। तब से लेकर आज तक यह जीव कई ऐतिहासिक बदलावों का गवाह बन चुका है। जोनाथन के जीवनकाल में दुनिया ने बहुत कुछ देखा है, जिसमें दो विश्व युद्ध, रूसी क्रांति, चंद्रमा पर इंसान का पहला कदम और इंटरनेट का जन्म शामिल हैं। यहां तक कि उसने सेंट हेलेना के 30 से ज्यादा गवर्नरों का कार्यकाल भी देख रखा है।

## रोचक खबरें

### शादी के दबाव से परेशान महिला ने मुंडवा लिया सिर

**नई दिल्ली।** आज के दौर में सोशल मीडिया सिर्फ मनोरंजन का प्लेटफॉर्म नहीं रहा, बल्कि यहां कई ऐसी कहानियां भी सामने आती हैं जो समाज को आईना दिखाने का काम करती हैं। हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला ने शादी के लगातार बढ़ते दबाव से तंग आकर अपना सिर मुंडवा लिया. इस अनोखे फैसले ने लोगों को हैरान भी किया है और सोचने पर भी मजबूर कर दिया है। वीडियो में महिला बताती हैं कि उन्हें अपने लंबे बाल बहुत पसंद थे, लेकिन परिवार और समाज की तरफ से बार-बार शादी की बात की जा रही थी। लगातार मिल रहे इस दबाव की वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थीं। आखिरकार उन्होंने एक ऐसा कदम उठाने का फैसला किया, जिससे साफ संदेश जा सके कि वह अभी शादी के लिए तैयार नहीं हैं। वीडियो में महिला अपना मुंडा हुआ सिर दिखाते हुए कहती हैं कि यह फैसला लेना उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। वह अपने बालों से बहुत प्यार करती थीं, लेकिन अपनी जिंदगी के फैसले खुद लेने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया। उनका कहना है कि अगर कोई व्यक्ति अपने सपनों को पूरा करना चाहता है, तो उसे समाज के दबाव से ऊपर उठकर फैसले लेने पड़ते हैं। महिला ने समाज में मौजूद दोहरे मापदंड पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि अगर कोई पुरुष अपनी पसंद से बाल कटवा ले या जिंदगी का फैसला ले तो लोग उसे सामान्य मानते हैं। लेकिन, जब कोई महिला ऐसा करती है तो लोग उसे अजीब नजरों से देखने लगते हैं और तरह-तरह की बातें करते हैं। वीडियो में वह यह भी पूछती नजर आती हैं कि आखिर उन्होंने ऐसा क्या कर दिया कि लोग उन्हें घूर रहे हैं। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीने का पूरा अधिकार होना चाहिए। उन्होंने वीडियो में एक मजबूत संदेश भी दिया।



# समंदर से मीठा पानी मिलेगा और बिजली भी

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान जंग की वजह से जहां पूरी दुनिया में उथल-पुथल महसूस की जा रही है। वहीं, भारत तरक्की की राह में अपने कदम मजबूती से आगे बढ़ा रहा है। वह लक्षद्वीप में पीने के पानी और ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक समुद्री तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। सरकार के इस प्रयास से टूरिज्म और समुद्री इलाकों में विकास की गति तेज होना तय माना जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि लक्षद्वीप द्वीप समूह में कुल 36 द्वीप हैं। ये सभी द्वीप चारों ओर अरब सागर के पानी से घिरे हुए हैं। इसके बावजूद वहां के लोगों को लंबे समय से मीठे पानी की कमी का सामना करना पड़ता रहा है।

### समुद्री पानी को मीठा बना रहा भारत



मंत्री ने बताया कि इस समस्या के निराकरण के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने कई द्वीपों पर लो-टेम्परेचर थर्मल डिसैलिनेशन प्लांट स्थापित किए हैं। यह तकनीक अरब सागर की सतह के गर्म पानी और गहरे समुद्र के ठंडे पानी के बीच प्राकृतिक तापमान अंतर का उपयोग करती है। जिससे समुद्री पानी को पीने योग्य ताजा पानी में बदल दिया जाता है।

## इस नई तकनीक से अपने द्वीपों की किस्मत बदलने जा रहा भारत



### कैसे काम करती है ये प्रक्रिया?

मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया में सतह से गर्म पानी संयंत्र तक लाया जाता है। वहीं, ठंडा पानी महासागर की गहराई से निकाला जाता है। इसके बाद नियंत्रित परिस्थितियों में उन्हें मिलाया जाता है। वाष्पीकरण और संघनन होता है। ऐसा करने से नमक-मुक्त मीठा जल हासिल हो जाता है। मंत्री ने बताया कि इस तरह का पहला ऐसा संयंत्र कवरत्ती में लगाया गया. इसके बाद मिनिकॉय, अगत्ती, अमिनी, कल्पेनी, कदमत, चेतलट और किल्टन समेत बाकी द्वीपों पर भी ये सुविधाएं स्थापित की गईं. मौजूदा समय में 8 द्वीपों पर इस तरह के वाटर प्लांट काम कर रहे हैं। वहीं, 2 अन्य द्वीपों पर उन्हें लगाने का काम चल रहा है। इस तरह का प्रत्येक प्लांट रोजाना एक लाख लीटर साफ पानी बनाता है। जिससे अब द्वीपवासियों की पानी की समस्या काफी हद तक हल हुई है। वे लोग पहले बारिश और सीमित रूप से उपलब्ध भूजल पर ही निर्भर थे।

### कवरत्ती में बनेगा दुनिया का पहला एकीकृत प्लांट

मंत्री ने भावी प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि कवरत्ती में एक स्पेशल प्लांट लगाया जा रहा है। इस प्लांट में ओशन थर्मल एनर्जी कन्वर्जन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके बाद महासागर की सतह से लगभग 1000 मीटर नीचे से ठंडा पानी निकालकर उसे गर्म सतही पानी के साथ मिलाया जाएगा ऐसा करने से न केवल साफ पानी उपलब्ध होगा बल्कि बिजली भी उत्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि यह दुनिया का पहला ऐसा एकीकृत प्लांट होगा, जो महासागर के पानी से बिजली और पीने योग्य पानी दोनों बनाएगा। बताते चलें कि लक्षद्वीप में अभी तक बिजली का अपना कोई सोर्स नहीं बन पाया है। वह मुख्य भूमि से लाए डीजल पर निर्भर रहता है। साथ ही सोलर सिस्टम को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे में नया एकीकृत सिस्टम डीजल पर निर्भरता कम करके स्वच्छ और निरंतर ऊर्जा उपलब्ध कराएगा।

### 15 साल बाद खुली किस्मत, भारतीय ड्राइवर ने जीती 10 करोड़ की लॉटरी

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि सब्र का फल मीठा होता है और ये बात यूएई में ड्राइविंग का काम कर रहे एक भारतीय शख्स पर बिल्कुल फिट बैठती है। वो पिछले 15 साल से लॉटरी के टिकट खरीद रहा था, लेकिन उसकी किस्मत साथ नहीं दे रही थी, पर अब उसने एक ही झटके में 10 करोड़ रुपए जीत लिए हैं। दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जो लगभग हर दिन लॉटरी के टिकट खरीदते हैं, इस उम्मीद में कि किसी न किसी दिन तो उनकी किस्मत बदलेगी और कुछ लोगों की सच में बदल भी जाती है। ऐसे ही एक शख्स की कहानी इन दिनों काफी चर्चा में है। दरअसल, यूएई के शारजाह में रहने वाले भारतीय पिकअप ड्राइवर विबीश पल्लियाली पिछले 15 सालों से हर महीने लॉटरी का टिकट खरीद रहे थे और अब जाकर उनकी किस्मत ने उनका साथ दिया है। विबीश ने 15 मिलियन दिरहम का बड़ा इनाम जीता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, विबीश एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के लिए काम कर रहे थे जब उन्हें एक फोन आया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी और उन्हें बंपर इनाम के जीत की खबर दी। हालांकि, विबीश अकेले इस इनामी राशि के विजेता नहीं हैं, बल्कि इस जीत में तीन और लोग भी शामिल हैं। ऐसे में विबीश को लगभग 10 करोड़ रुपए (4 मिलियन दिरहम) की पुरस्कार राशि मिलेगी, जिसका इस्तेमाल वो भारत लौटकर यहीं पर कुछ दूसरा काम करने के लिए करेंगे। विबीश ने कहा, 'मैंने 7 फरवरी को भारत यात्रा के दौरान 1,000 दिरहम में टिकटों का एक सेट पहले ही खरीद लिया था। 28 फरवरी को मेरे चचेरे भाई और उसके दो दोस्तों ने मुझे फोन करके अपने साथ टिकट ले जाने के लिए कहा। मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की कि मैंने इस महीने का अपना बजट पहले ही खर्च कर दिया है, लेकिन वो मुझसे विनती करते रहे। मैंने उन्हें निराश न करने के लिए टिकट ले लिया।



# कफिन बॉक्स के अंदर लेटकर मेडिटेशन कर रहे जापानी लोग

**टोक्यो।** जापान में आजकल एक बड़ी ही अजीबोगरीब प्रथा चलन में है। यहां के लोग सुकून के लिए ताबूत के अंदर लेटकर ध्यान कर रहे हैं। ताबूत बनाने वाले लोगों का कहना है कि इस प्रकार का ध्यान उन लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है जो अपने मन को शांत करने के लिए अकेले समय बिताना चाहते हैं।

आमतौर पर कफिन बॉक्स यानी ताबूत के अंदर मरे हुए लोगों को ही रखा जाता है और फिर उन्हें दफना दिया जाता है, लेकिन जापान में इन दिनों लोग एक बड़ी ही अजीबोगरीब प्रथा को फॉलो कर रहे हैं, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। दरअसल, जापान के चिबा प्रांत में एक अंतिम संस्कार गृह (फ्यूनरल होम) द्वारा शुरू की गई ये अनोखी प्रथा अब जापान के शांति चाहने वाले लोगों के बीच एक चलन में बदल गई है। इसे ताबूत के अंदर ध्यान करने की प्रथा कहा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि ये लोगों को अपनी मौत के बारे में सोचने या बस खुद को तरोताजा करने के लिए एक सुरक्षित, लेकिन कुछ हद तक घुटन भरी जगह है।



रिपोर्ट के मुताबिक, जापान के युवाओं में आत्महत्या की दर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ ही शवों को ताबूत में लिटाने की प्रथा भी बढ़ गई है , जिससे लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ऐसे क्रिएटिव तरीके अपनाने पड़ रहे हैं। ये अनोखा बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन का कहना है कि इस प्रकार का ध्यान उन लोगों के लिए उपयोगी है जो अपने मन को शांत करने के लिए अकेले समय बिताना चाहते हैं।

### मार्केट में डिजाइनर ताबूत भी उपलब्ध

जापान में ये चलन अब आधिकारिक तौर पर इतना बड़ा हो गया है कि अलग-अलग व्यक्तित्वों के अनुसार ताबूतों के अलग-अलग विकल्प भी मार्केट में उपलब्ध हैं। अगर किसी को एक साधारण सा लकड़ी का बॉक्स दिमाग को शांत नहीं करता है, तो हो सकता है कि उसे टोक्यो के हाल ही में खुले स्पा, मीसो कुकान कानोके-इन में मौजूद 'खूबसूरत ताबूत' अधिक सुकून देने वाले लगें। दावा किया जा रहा है कि ग्रेव टोक्यो नामक कंपनी द्वारा डिजाइन किए गए और रंग-बिरंगे ढंग से सजाए गए ये ताबूत लोगों को सुकून देने का काम कर रहे हैं।







# कर्नाटक की वो नदी, जिसके पत्थरों पर बसे हैं हजारों शिव

**बेंगलुरू।** भारत में नदियां सिर्फ पानी का सोर्स नहीं होतीं, बल्कि आस्था, इतिहास और संस्कृति की भी कैरियर मानी जाती हैं। देश की कई नदियों से जुड़ी कहानियां और परंपराएं सदियों पुरानी हैं। ऐसी ही नदियों में से एक है कर्नाटक की शाल्मला नदी, जिसके बीचों बीच मौजूद सहस्त्रलिंग एक बेहद अनोखा और पवित्र स्थल है। यहां नदी के पत्थरों और तल में हजारों शिवलिंग उकेरे गए हैं। जो पहली नजर में ही लोगों को हैरान कर देते हैं। जब नदी का पानी कम होता है।



### इतिहास और आस्था का अनोखा संगम

माना जाता है कि सहस्रलिंग की ये नक्काशी 17वीं और 18वीं शताब्दी में केलाड़ी नायक वंश के शासनकाल में करवाई गई थी। राजा सदाशिवराय और उनकी रानियों ने भगवान शिव की भक्ति में इन शिवलिंगों को बनवाया था।

### नदी में उकेरे गए हजारों शिवलिंग

सहस्रलिंग का मतलब ही होता है हजार शिवलिंग। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में सिरसी के पास बहने वाली शाल्मला नदी के किनारों और तल पर हजारों की संख्या में शिवलिंग पत्थरों पर उकेरे गए हैं। कई शिवलिंग के सामने नंदी बैल की आकृतियां भी बनाई गई हैं। जो भगवान शिव के वाहन माने जाते हैं। इन सभी उकेरी गई आकृत्तियों को देखकर ऐसा लगता है जैसे पूरी नदी को ही एक विशाल मंदिर में बदल दिया गया हो। जब बरसात के मौसम में नदी का वॉटरलेवल बढ़ जाता है तो ये शिवलिंग पानी के नीचे छिप जाते हैं। लेकिन, गर्मियों या सूखे मौसम में पानी घटते ही ये सभी आकृतियां फिर से दिखाई देने लगती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com